www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु




बिलासपुर, गुरुवार, 15 अगस्त 2024 । वर्ष – 34 । अंक –107 । पृष्ठ –12+4 । मूल्य – 4.00 रु.

## शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशबन्धु परिवार की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

– संपादक

## आज अवकाश

78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में गुरुवार, 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। पाठकों को देशबन्धु का अगला अंक शनिवार, 17 अगस्त को प्राप्त होगा।

– प्रबंधक

# सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली**, 14 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत जैसे विशाल देश में ऊंच-नीच की धारणा के आधार पर कलह पैदा करने वाली प्रवृतियों को खारिज करने का पुरजोर आह्वान करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश में सामाजिक लोकतंत्र निरंतर मजबूत हो रहा है। श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा, अपनी विविधताओं और बहुलताओं के साथ, हम एक राष्ट्र के रूप में, एकजुट होकर, एक साथ, आगे बढ़ रहे हैं। समावेश के साधन के रूप में, सकारात्मक कदमों को मजबूत किया जाना चाहिए। मैं दृढ़ता के साथ यह मानती हूं कि भारत जैसे विशाल देश में, कथित सामाजिक स्तरों के आधार पर कलह को बढ़ावा देने वाली प्रवृत्तियों को खारिज करना होगा।



- राष्ट्रपति ने समाज में कलह पैदा करने वाली प्रवृतियों को खारिज करने का किया आह्वान
- देश में सामाजिक लोकतंत्र निरंतर मजबूत हो रहा है

राष्ट्रपति ने डॉक्टर बी.आर. आंबेडकर को उद्धृत करते हुए कहा, 'हमें अपने राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना चाहिए। राजनीतिक लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता जब तक कि उसके आधार में सामाजिक लोकतंत्र न हो।' उन्होंने कहा कि भारत में राजनीतिक लोकतंत्र ने निरंतर प्रगति की है और इस बात की पुष्टि करता है कि देश में सामाजिक लोकतंत्र को मजबूत हुआ है। श्रीमती मुर्मू ने कहा, समावेशी भावना, हमारे सामाजिक जीवन के हर पहलू में दिखाई देती है। सरकार ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## केजरीवाल की याचिका पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली**, 14 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से की गई गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली और इसी मुकदमे में जमानत की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर बुधवार को नोटिस जारी किया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 5 अगस्त को अपनी याचिका ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उनकी याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को (दोनों याचिकाओं पर) अपना पक्ष रखने का निर्देश देते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 23 अगस्त को करेगी।

## असिस्टेंट कमांडेंट आनंद सिंह रावत को राष्ट्रपति पदक

**रायपुर**, 14 अगस्त (देशबन्धु)। गृह मंत्रालय ने देशभर में पुलिस पदकों का ऐलान कर दिया है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों के लिए भी वीरता और विशिष्ट सेवा पदकों की घोषणा की गई है। इस साल छत्तीसगढ़ के कुल 25 पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। इनमें आनंद सिंह रावत अस्सिटेंट कमांडेंट को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक, 9 पुलिस अधिकारियों को सराहनीय सेवा पदक और 15 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा।

- पुलिसकर्मियों को वीरता पदक



- सीएम के सचिव समेत 9 अधिकारियों को मिलेगा सराहनीय सेवा पदक

सराहनीय सेवा के लिए पदक प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों में मुख्यमंत्री के सचिव आईपीएस राहुल भगत, आईजी सुशील चंद्र ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव व विजय शर्मा ने प्रदेशवासियों सहित पूरे देशवासियों, सेना के जवानों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### ईडी के नए डायरेक्टर की हुई नियुक्ति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के नए निदेशक के नाम की घोषणा कर दी है। केंद्र सरकार ने बुधवार को आईआरएस अधिकारी राहुल नवीन को ईडी के नए डायरेक्टर का जिम्मा सौंपा है।

वह इस पद पर दो साल तक बने रहेंगे।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर 15 चिकित्सा अधिकारियों को मिली नियुक्ति

**रायपुर**, 14 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में लगातार विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना की जा रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अनुशंसा पर 15 चिकित्सा अधिकारियों (एनएचएम संविदा) की नियुक्ति की गयी है। इन चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना से स्थानीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होगा और लोगों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत मिलेगी।

- स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार से मिलेगी सहूलियत

पदस्थ किए गए चिकित्सा अधिकारियों में डॉ. अंजली खलखो शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, रेल्वे लोको लाईन वार्ड नं. 01, डॉ. इरनुस खलखो शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मोहर पारा एफ.सी. आई. गोदाम वार्ड 19, मनेन्द्रगढ़, डॉ. विकास भास्कर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-चिरमिरी, डॉ. अमन दीप कौर, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हल्दीबाड़ी (चिरमिरी), डॉ. सीताकुमारी, ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## डोडा मुठभेड़ में कैप्टन शहीद, एक आतंकी ढेर

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू**, 14 अगस्त (देशबन्धु)। डोडा के पटनीटॉप में सेना ने एक आंतकी को मार गिराया, जबकि 3 को जवानों ने घेरा रखा है। इस मुठभेड़ में सेना का एक कैप्टन रैंक का अधिकारी भी शहीद हो गया है। डोडा के अकार वन क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कैप्टन दीपक ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और आतंकवादियों को ढेर करने के लिए अपने लोगों को निर्देशित करना जारी रखा। हालांकि, उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की गोलीबारी के कारण कैप्टन को गोली लग गई और ➤➤ शेष



- कैप्टन दीपक ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया

### महिला डॉक्टर की हत्या पर बोले राहुल

## आरोपियों को बचाने की हो रही कोशिश

**नई दिल्ली**, 14 अगस्त (एजेंसियां)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या से पूरा देश स्तब्ध है। इस मामले पर राजनीति भी गरमाई हुई है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी समेत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस घटना पर सवाल खड़े किए हैं। राहुल गांधी ने कहा, कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ हुई रेप और मर्डर की वीभत्स घटना से पूरा देश स्तब्ध है।



राहुल गांधी ने कहा, 'महिला डॉक्टर के साथ हुए क्रूर और अमानवीय कृत्य की परत दर परत जिस तरह खुल कर सामने आ रही है, उससे डॉक्टरों के समुदाय और महिलाओं के बीच असुरक्षा का माहौल है। पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों को बचाने की कोशिश हो रही है। इससे अस्पताल और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।' राहुल गांधी ने आगे कहा, 'इस घटना ने सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## नगर पंचायत पत्थलगांव बनेगा नगर पालिका

**रायपुर**, 14 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज पत्थलगांव तहसील के ग्राम किलकिला में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव के पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित संस्कृति गौरव महासम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने नगर पंचायत पत्थलगांव को नगरपालिका बनाने सहित कई घोषणाएं की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक गोमती साय और रायमुनी भगत, किलकिलाधाम के मुख्य पुजारी श्री श्री 1008 स्वामी कपिलदास जी महाराज भी इस अवसर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



- सीएम साय ने की घोषणा



# विभाजन विभीषिका को याद कर दर्द छलक उठा

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिंगराजपारा के प्रांगण में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

■ तीन दिवसीय चित्रों की प्रदर्शनी ने बयान की विभाजन की दास्तान




**बिलासपुर**, 14 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय रायपुर द्वारा नगर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिंगराजपारा के प्रांगण में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ बड़े ही अनोखे अंदाज में किया गया। इसके लिए नगर के ऐसे परिवार के लोगों को चिन्हित कर आमंत्रित किया गया जिन्होंने विभाजन की त्रासदी को भोगा है। ऐसे ही सम्माननीय नागरिक सरदार मंजीत सिंह अरोरा एवं श्री नानकराम मखीजा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात विभाग की ओर से इन्हें शाल, श्रीफल और स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक प्रमुख शैलेश फाये ने बताया कि हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन की विभिषिका दिवस मनाया जाने का निर्णय भारत सरकार ने किया है। उन्होंने बताया कि भारत की स्वतंत्रता आसान नहीं थी, इसके साथ भीषण सांप्रदायिक हिंसा आई थी , जिसने 5 लाख से अधिक लोगों की जान ले ली थी। इस विभिषिका के वास्तविक चित्रों को संग्रहित कर 52 पैनलों में संजोकर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है, ताकि विद्यार्थी और आम जनमानस स्वतंत्रता के मूल्य को समझ सके।

इस अवसर पर दर्द भरी त्रासदी को याद करते हुए सरदार मंजीत सिंह अरोरा ने कहा कि विभाजन की विभिषिका कोरोना काल से भी ज्यादा भयावह थी। इस अवसर पर श्री नानक राम मखीजा ने बताया कि जब विभाजन हुआ तो वह 2 साल के थे और वह अपने परिवार के साथ वहां की खेती बाड़ी घर परिवार सब छोड़कर भारत आए थे, बहुत ही संघर्षों के बाद उनका परिवार आज मजबूत स्थिति में पहुंचा है। उन दिनों को याद करते हुए उन्होंने प्रार्थना की कि ऐसा दौर दोबारा कभी ना देखना पड़े। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद राम प्रकाश साहू ने कहा कि इन चित्रों के माध्यम से छात्रों को जहां अपना इतिहास जानने में मदद मिलेगी वहीं वह स्वतंत्रता का अभिप्राय भली भांति समझ सकेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अंजना संजय मसीह ने कहा कि यह बहुत ही अनोखा आयोजन है इससे हमारे विद्यार्थियों को और आम लोगों को आजादी के समय जो त्रासदी हुई थी उसकी जानकारी मिलेगी। कार्यक्रम को बहुआयामी बनाने के उद्देश्य से इसमें रंगोली ,चित्रकला , भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं और प्रश्न मंच जैसे कार्यक्रमों को जोड़ा गया है ताकि विद्यार्थी या प्रतिभागी जागरुक हो सके। कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा एक स्टॉल लगाकर उनके विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल पर विभाग की सुपरवाइजर कुमारी संगीता यादव व परियोजना अधिकारी दीप्ति पटेल उपस्थित रहीं।

इसी तरह भारतीय डाक विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर एक स्टाल लगाकर उनके द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ देने की व्यवस्था रखी गई है। पोस्ट आफिस से सुनिता द्विवेदी व पालेश्वर साहू कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस आयोजन के दौरान अतिथियों द्वारा विद्यालय की 9वीं कक्षा की 100 छात्रों को निःशुल्क सायकिल वितरण किया गया और विद्यालय द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस लगभग 55 प्रतिभागी रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। 15 अगस्त को होंगी निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएं।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में मंडल के बिलासपुर सहित 10 स्टेशनों पर लगाई गई है प्रदर्शनी
### इस प्रदर्शनी से यात्रीगण उस दौर के हालात से हो रहे हैं रूबरू

आज 14 अगस्त को सम्पूर्ण देश में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर याद किया जा रहा है। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में 14 अगस्त 2024 को (विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस) के अवसर पर ऐतिहासिक तथ्यों को दर्शाने वाली फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बिलासपुर स्टेशन के गेट नं 01 में यह प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी का अनावरण आजादी एवं विभाजन के प्रत्यक्षदर्शी सुरजीत सिंह मल्होत्रा, पूर्व सहायक कार्मिक अधिकारी, पी एन सैनी पूर्व प्राचार्य, प्रवीण दामानी एवं अन्य अतिथियों के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया इसके पश्चात स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा विभाजन विभीषिका पर आधारित नुक्कड़-नाटक की जीवंत प्रस्तुति दी गई । इस चित्र-प्रदर्शनी का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया इस दौरान वे उन दिनों को याद कर भावुक भी हुये । इस अवसर पर वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमान मिश्रा, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण व अधिकाधिक संख्या में रेल यात्री उपस्थित थे । इस चित्र-प्रदर्शनी को देखने काफी संख्या में यात्रीगण पहुँच रहे हैं तथा इसके माध्यम से उस दौर के हालात से रूबरू हो रहे हैं। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, सामाजिक विभाजन, वैमनस्यता के जहर को दूर करने और एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तिकरण की भावना को और मजबूत करने की जरूरत की याद दिलाता है। यह दिन हमें भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए भी प्रेरित करता है। यह प्रदर्शनी बिलासपुर स्टेशन के साथ ही मंडल के चांपा, कोरबा, रायगढ़, पेंड्रारोड़, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, मनेन्द्रगढ़, अम्बिकापुर स्टेशनों पर भी लगाई गई है जहां यात्रीगण इस चित्र-प्रदर्शनी से देश की विभाजन विभीषिका के तथ्यों से रूबरू हो रहे हैं।



# त्रिलोक ने सहयोगियों सहित किया नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत का स्वदेश आगमन पर अभिनंदन



### संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित अंतरर्राष्ट्रीय विधायकों के सम्मेलन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे थे

बिलासपुर,14 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित अंतराष्ट्रीय विधायकों के सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधित्व करने के पश्चात आज प्रदेश रायपुर आगमन हुआ। इस अवसर पर बिलासपुर जिले के लोकप्रिय कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास, राष्ट्रीय समन्वयक-ए आई सी सी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, प्रभारी -उत्तर प्रदेश तथा गुजरात ने अपने सहयोगियों सहित रायपुर पहुंचकर डॉ. चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष, कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत एवं उनके सुपुत्र सूरजदास महंत का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास के साथ गए बेलतरा-बिलासपुर के कांग्रेस जनों ने शाल श्रीफल,पुष्प गुच्छ भेंट कर, महंत परिवार का स्वागत किया।

इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास के साथ मोहन जायसवाल पंडित जितेंद्र शर्मा जीतू चरण सिंह राज मयंक वर्मा रवि बघेल पवन सिंह ठाकुर कौशल श्रीवास्तव आयुष सिंह राज, पार्थ कुमार संतोष पटेल मोहन साहू मनोज पटेल संदीप धीवर दीपक दास कृष्णा साहू श्याम सुंदर पटेल दिलीप साहू कांति राज रामदयाल पटेल कृष्ण श्रीवास सुखदेव तिवारी दादू शिकारी रितेश कश्यप चंद्र प्रकाश केसरवानी प्रशांत कई सोनू कश्यप मकसूदन साहू कामता वर्मा विजेंद्र साहू हरीश वर्मा शुभम श्रीवास आदि जन उपस्थित थे।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ललित कुमार मखीजा (LALIT KUMAR MAKHIJA) पिता नानक राम मखीजा (NANAK RAM MAKHIJA) निवासी वार्ड क्रमांक 13, मित्र विहार, लिंक रोड बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम ललित मखीजा (LALIT MAKHIJA) को त्याग कर ललित कुमार मखीजा (LALIT KUMAR MAKHIJA) नया नाम रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ललित कुमार मखीजा (LALIT KUMAR MAKHIJA) से ही जाना पहचाना जावे।

**ललित कुमार मखीजा**
(LALIT KUMAR MAKHIJA)
वार्ड क्रमांक 13, मित्र विहार, लिंक रोड बिलासपुर (छ.ग.)


### प्रथम पृष्ठ का शेष

**सामाजिक न्याय सरकार की...**

समाज के अन्य हाशिए के वर्गों के कल्याण के लिए अनेक अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने सरकार द्वारा दलितों, जनजातीय समूहों के उत्थान के लिए लागू की जा रही योजनाओं और अभियानों का भी उल्लेख किया।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया गया**

उन्होंने कहा कि सरकार हर गरीब व्यक्ति की सहायता कर उसे इस गर्त से बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राष्ट्रपति ने अन्नदाता किसानों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से देश में अनाज उत्पादन बढा है और खाद्य सुरक्षा में उनका योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि सरकार हाल के वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया है जिससे सड़कों, राजमार्गों, रेलवे और बंदरगाहों का नेटवर्क तेजी से बढ़ा है।

**विकासशील देशों के मुद्दों को दी आवाज**

जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें भारत ने गरीब और विकासशील देशों के मुद्दों को मुखर अभिव्यक्ति देने वाले देश के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी प्रभावशाली स्थिति का उपयोग विश्व शांति और समृद्धि के विस्तार के लिए करना चाहता है।

**तेज विकास से लोगों की आमदनी बढ़ी**

उन्होंने आर्थिक क्षेत्र में भारत की तीव्र प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत पिछले चार वर्षों से सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थ-व्यवस्थाओं में शामिल है। भारत के पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के निकट है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय देश के किसानों और श्रमिकों की अथक मेहनत, नीति-निर्माताओं और उद्यमियों की दूरगामी सोच तथा देश के दूरदर्शी नेतृत्व का सुफल बताया। उन्होंने कहा कि तीव्र विकास से लोगों की आमदनी बढ़ी है और गरीबी भी काफी कम हुई है।

**असिस्टेंट कमांडेंट आनंद सिंह रावत को ...**

द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिंज, उपपुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह ठाकुर, असिस्टेंट कमांडेंट प्रशांत श्रीवास्तव, कंपनी कमांडर प्रभु लाल कोमरे, सब इंस्पेक्टर द्वारका प्रसाद, प्रधान आरक्षक धर्म सिंह नरेटी, प्रधान आरक्षक रविंद्र कुमार ठाकुर शामिल है।

वीरता के लिए दिए जाने वाले पुलिस पदकों की सूची में इस बार छत्तीसगढ़ के 15 पुलिसकर्मियों का नाम शामिल है, जिनमें इंस्पेक्टर शिशुपाल सिंह, सब इंस्पेक्टर निर्मला जांगड़े, , हेड कांस्टेबल अमिया चीलमुल, हेड कांस्टेबल फुल्ला गोपाल, हेड कांस्टेबल तुलाराम कुर्मी, कांस्टेबल गोपाल बुद्ध, कांस्टेबल हेमंत आंदरिक, कांस्टेबल मोतीलाल राठौर, कांस्टेबल गोविंद सोढ़ी, कांस्टेबल सुकनु राम, कांस्टेबल मुन्ना काड़ती, कांस्टेबल कृष्णा गली, कांस्टेबल भीमां, कांस्टेबल धनीराम कोरसा,कांस्टेबल कृष्णा ताती शामिल है।

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर ...**

शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, साजापहाड़ (चिरमिरी), डॉ. व्ही. अस्मिता राव, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सांस्कृति भवन दुर्गा पंडाल, खोंगापानी, डॉ. प्रिंस गुप्ता, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, झगराखाण्ड तथा डॉ. हर्षा सिंह की पदस्थापना शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-डुमनहील, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में की गयी है।

इसी तरह से डॉ. मृग्या वर्तिका सिंग, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, भट्टी वार्ड नं. 02, बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया, डॉ. तरूवर सिंह, सामु0 स्वा0 केन्द्र- प्रेमनगर, जिला सूरजपुर, डॉ. अनुराग सिंह सामु0 स्वा0 केन्द्र-रामानुजनगर, जिला सूरजपुर , डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह सामु0 स्वा0 केन्द्र बचरापोडी, जिला- कोरिया, डॉ. ध्यानू राम सामु स्वास्थ्य केन्द्र-अभनपुर, जिला रायपुर, डॉ पुष्पराज सिंह, जिला अस्पताल जिला-गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही तथा डॉ. अंकित बघेल की पदस्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-मरवाही, जिला- गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही में की गयी है।

**डोडा मुठभेड़ में ...**

उन्हें अस्पताल ले जाया गया। गंभीर चोटों के कारण कैप्टन ने दम तोड़ दिया और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कैप्टन दीपक ने आगे से नेतृत्व किया घायल होने के बावजूद वह जब तक संभव हो सका, अपने लोगों को निर्देश देता रहा। इस बीच जम्मू संभाग के पहाड़ी इलाकों में सेना का सर्च अभियान जारी है। वहीं, कश्मीर संभाग के किश्तवाड़ में भी सुरक्षाबल आतंकियों की तलाश में जुटे हैं। जम्मू के कठुआ, उधमपुर और डोडा में इन दिनों सीमा पार से घुसपैठ कर आए आतंकियों को मार गिराने के लिए बड़े स्तर पर अभियान जारी है।

बीते मंगलवार जवानों को इनपुट मिला कि डोडा के अस्सार गांव में अकाल के जंगलों में आतंकियों को देखा गया। यह इलाका पटनीटॉप की पहाड़ियों से जुड़ा है, जिसके बाद शाम में सेना ने सर्च अभियान चलाया। सेना की वाइट नाइट कॉर्प्स ने भी एक्स पर अकार के जंगलों में ऑपरेशन अस्सार के नाम से संयुक्त अभियान चलाए जाने की जानकारी साझा की।

हालांकि इस बार के स्वतंत्रता दिवस पर जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले का खतरा सिर चढ़ कर बोल रहा है और समाचार भिजवाए जाने तक 6 से 7 जगहों पर आतंकियों से मुठभेड़ें जारी थीं पर बावजूद इसके पहली बार श्रीनगर शहर में तलाशी अभियान में ढील और नरमी देखी गई है। यह बात अलग है कि 15 अगस्त को सभी आधिकारिक समारोहों के शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जम्मू-कश्मीर का सुरक्षा ग्रिड उच्चतम स्तर के अलर्ट पर है।

**आरोपियों को बचाने ...**

अगर मेडिकल कॉलेज जैसी जगह पर डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं तो किस भरोसे अभिभावक अपनी बेटियों को पढ़ने बाहर भेजें? निर्भया केस के बाद बने कठोर कानून भी ऐसे अपराधों को रोक पाने में असफल क्यों हैं?'

ठोस उपाय करने होंगे-कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, 'हाथरस से उन्नाव, और कठुआ से लेकर कोलकाता तक महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ती घटनाओं पर हर दल, हर वर्ग को मिलकर गंभीर विचार-विमर्श कर ठोस उपाय करने होंगे। मैं इस असहनीय कष्ट में पीड़िता के परिवार के साथ खड़ा हूँ। उन्हें हर हाल में न्याय मिले और दोषियों को ऐसी सजा मिले जो समाज में एक नजीर की तरह प्रस्तुत की जाए।'

**नगर पंचायत पत्थलगांव बनेगा...**

मुख्यमंत्री साय ने सभा में मौजूद साधु, संत और विशाल जनसमूह के बीच स्वर्गीय जूदेव का पुण्य स्मरण करते हुए कहा की वे मेरे राजनैतिक गुरु थे। मैंने 25 साल से अधिक समय तक राजनीति में उनके साथ रहकर काम किया। वे बेहद सरल हृदय के व्यक्ति थे, सभी से अपनेपन के साथ मिलते थे। उनकी किसी के साथ नाराजगी नहीं रही। जिससे भी एक बार मिल लेते थे उसका नाम कभी नहीं भूलते थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय जूदेव का डील-डौल और व्यक्तित्व सहज ही लोगों को आकर्षित करता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी को तेजी से पूरा कर रही है। 3100 रूपए प्रति च्ंिटल की दर से किसानों को धान की कीमत दी जा रही है। छत्तीसगढ़ की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रति माह 1000 रूपए की सम्मान राशि दी जा रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 4000 से बढ़ाकर 5500 रूपए किया गया है।

कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव को याद करते हुए कहा की उनकी ऊंगली पकड़कर मैने राजनीति का पाठ सीखा है। वे एक महापुरुष, कर्मवीर और योद्धा थे। मेरा सौभाग्य है की उनके साथ लंबे समय तक काम सीखने का अवसर मिला। कार्यक्रम को विधायक श्रीमती गोमती साय, गहिरा गुरु आश्रम के पुजारी बभ्रुवाहन जी महाराज ने भी संबोधित किया।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीनु इटियेरा, महाप्रबंधक राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी

**बिलासपुर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय सहित सभी मंडलों में 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस समारोह पारंपरिक उत्साह पूर्वक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय परिसर बिलासपुर में मनाया जाएगा । महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सुश्री नीनु इटियेरा के द्वारा मुख्यालय परिसर में प्रातः 9.00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा । इस अवसर पर सर्वप्रथम सुश्री नीनु इटियेरा, महाप्रबंधक प्रात:09.00 बजे राष्ट्रगीत के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत परेड का निरीक्षण करेंगीं । तत्पश्चात रेलवे के आर.पी.एफ. के जवानों, सिविल डिफेंस, सेन्ट जॉन्स एम्बुलेंस, एन.सी.सी. एवं स्काउट एण्ड़ गाईड के ग्रुपों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया जाएगा । तदुपरांत मुख्य अतिथि सुश्री नीनु इटियेरा, महाप्रबंधक उपस्थित रेल कर्मियों एवं उपस्थित जनों को संबोधित करेंगी । इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारीगण सपरिवार तथा स्कूली बच्चे भारी संख्या में उपस्थित रहेंगे । मुख्य अतिथि के द्वारा संबोधन के पश्चात् रेलवे परिक्षेत्र में स्थित स्कूलों के बच्चों के द्वारा देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे, तदोपरांत कार्यक्रम का समापन होगा ।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजकुमार तम्बोली (RAJKUMAR TAMBOLI) पिता टीकाराम तंबोली (TIKARAM TAMBOLI) निवासी मकान नंबर 21, साईं छाया सीपत रोड, एस.ई.सी.एल. कार्यालय के सामने, चांटीडीह, लिंगियाडीह, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम राजकुमार (RAJKUMAR ) को त्याग कर राजकुमार तम्बोली (RAJKUMAR TAMBOLI) नया नाम रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम राजकुमार तम्बोली (RAJKUMAR TAMBOLI) से ही जाना पहचाना जावे।

**राजकुमार तम्बोली**
(RAJKUMAR TAMBOLI)
मकान नंबर 21, साईं छाया सीपत रोड, एस.ई.सी.एल. कार्यालय के सामने, चांटीडीह, लिंगियाडीह, बिलासपुर (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कुंती तम्बोली (KUNTI TAMBOLI) पति राजकुमार तम्बोली (RAJKUMAR TAMBOLI) निवासी मकान नंबर 21, साईं छाया सीपत रोड, एस.ई.सी.एल. कार्यालय के सामने, चांटीडीह, लिंगियाडीह, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम कुंती (KUNTI) को त्याग कर कुंती तम्बोली (KUNTI TAMBOLI) नया नाम रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम कुंती तम्बोली (KUNTI TAMBOLI) से ही जाना पहचाना जावे।

**कुंती तम्बोली**
(KUNTI TAMBOLI)
मकान नंबर 21, साईं छाया सीपत रोड, एस.ई.सी.एल. कार्यालय के सामने, चांटीडीह, लिंगियाडीह, बिलासपुर (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भुवनेश्वर प्रसाद यादव (BHUVNESHWAR PRASAD YADAV) पिता सियाराम यादव (SIYARAM YADAV) निवासी मकान नंबर 61, वेदिक कॉन्वेंट स्कूल के पास, यादव मोहल्ला, राजेंद्र नगर, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम भुवनेश्वर प्रसाद (BHUVNESHWAR PRASAD) को त्याग कर भुवनेश्वर प्रसाद यादव (BHUVNESHWAR PRASAD YADAV) नया नाम रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम भुवनेश्वर प्रसाद यादव (BHUVNESHWAR PRASAD YADAV) से ही जाना पहचाना जावे।

**भुवनेश्वर प्रसाद यादव**
(BHUVNESHWAR PRASAD YADAV)
मकान नंबर 61, वेदिक कॉन्वेंट स्कूल के पास, यादव मोहल्ला, राजेंद्र नगर, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / अति.तह./ वा. / 2024
बिलासपुर, दिनांक 07/08/2024

ग्राम सिरगिट्टी के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 662, 1018, 119-1020, 1052, 1053 कुल रकबा 1.910 हे. भूमि की नामांतरण के लिए श्री सुनील कुमार पाण्डेय आ. स्व. शिव प्रसाद निवासी सिरगिट्टी द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 23/08/2024 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 07/08/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील
**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय- समक्ष प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर छ.ग. (पीठासीन अधिकारी-मनीष कुमार दुबे)**

प्रोसेस क्रमांक-सक्सेशन प्रकरण क्रमांक - 43/2024
जारी दिनांक पेशी तिथि- 24/08/2024
घनश्याम सिंह व अन्य विरूद्ध पंजाब नेशनल बैंक व अन्य
आम जनता ............ (अनावेदक क्रमांक-2)
(सूचना पत्र अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 नियम 1-क व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908)

आम जनता (अनावेदक क्रमांक-2) को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि घनश्याम सिंह पिता स्वर्गीय कैलाश सिंह व अन्य के द्वारा अपने स्वर्गीय पिता कैलाश सिंह की मृत्यु पश्चात् उनके पंजाब नेशनल बैंक बुधवारी बाजार शाखा रेल्वे पोस्ट ऑफिस के पीछे बिलासपुर में जमा रकम में संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु सक्सेशन प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिस प्रकरण के संबंध में आम जनता में से जो कोई भी अपना हित समझते हैं तथा जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो ऐसा व्यक्ति इस प्रकरण के संबंध में नियत पेशी तिथि 24/08/2024 को समय प्रातः 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित हों तथा उपरोक्तानुसार प्रकरण में अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं तथा आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद में एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा, तथा उपरोक्त दिनांक 24/08/2024 को किसी कारणवश न्यायालय का अवकाश घोषित हो जाने पर आगामी कार्यदिवस को प्रकरण की सुनवाई तिथि माना जावेगा। सो सूचना जाने।

जारी दिनांक 12/08/2024

सील
**(मनीष कुमार दुबे)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// नोटिस //**

क्रमांक/ 21/ क./ वा./ तह./ 2024
बिल्हा, दिनांक 07.08.2024

प्रति,
सिद्धार्थ शंकर पिता आ.के.यादव जाति आहिर (यादव) निवासी ग्राम बहतराई चौक, सीपत मार्ग, वार्ड नंबर 47, चांटीडीह तहसील बिलासपुर (छ.ग.)

विषय:- पेशी में उपस्थित होने के संबंध में नोटिस

न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202406070200008 अ-27 वर्ष 2023-24 पक्षकार शिवांग शेखर विरूद्ध सिद्धार्थ शंकर ग्राम भोजपुरी के प्रकरण में दिनांक 09.09.2024 को पेशी नियत है।

अतः आप नियत पेशी तिथि 09.09.2024 को न्यायालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा न्यायालय में अनुपस्थित रहने से आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

सील
**तहसीलदार बिल्हा**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेत्तर दास पिता स्व. लगनदास निवासी झावर तहसील दीपका जिला कोरबा द्वारा ग्राम झावर प.ह.नं. 49 तहसील दीपका जिला कोरबा में स्थित आवेदक एवं अनावेदक बहोरन दास पिता स्व. लगनदास के नाम दर्ज शामिलात खाते की भूमि ख.नं. 36/3, 279/1 रकबा क्रमशः 0.041, 0.016 हे. भूमि को आपसी बटवारानामा के आधार पर 1/2 हिस्सों में बराबर-बराबर खाता विभाजन बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 23.08.2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 05/08/ 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील
**तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं हरीश मंगलानी पिता श्री लालचंद मंगलानी निवासी वार्ड नं. 20 मकान नं. 120/2 गोदड़ीधाम गली सिंधी कॉलोनी बिलासपुर (छ.ग.)

यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम बदल कर नया नाम हरीश कुमार मंगलानी पिता श्री लालचंद मंगलानी रख लिया है। अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम हरीश कुमार मंगलानी पिता श्री लालचंद मंगलानी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जानें।

**हरीश कुमार मंगलानी**
पिता श्री लालचंद मंगलानी
वार्ड नं. 20 मकान नं.120/2
गोदड़ीधाम गली सिंधी कॉलोनी बिलासपुर (छ.ग.)

**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई - 400069.
**बिलासपुर शाखा :** प्रथम मंजिल कृष्णा सोनछत्र कम्पाउंड आरएनटी स्क्वॉयर के पास, तारबाहर रोड बिलासपुर-495004 (छ.ग.)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के 60 दिवस में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) (शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 01000000900/ बिलासपुर शाखा) नेहा सिंह (ऋणी), मनोज वर्मा (जमानतदार) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, प.ह.न. 11 खसरा नं. 13123, वार्ड नं. 14 का भाग, गौकुल नगर बिलहा मोड़, एनएच 130 का के पास, रायपुर से बिलासपुर रोड़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495006 **चर्तुसीमाएं:-** पूर्व- महावीर प्रसाद की भूमि, पश्चिम- रोड़, उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- अन्य का मकान | 13-05-2024 एवं ₹ 11,90,778/- | 12-08-2024 |

स्थान : छत्तीसगढ़
दिनांक : 15.08.2024

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड


CVRU
DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
Chhattisgarh, Bilaspur AN AISECT GROUP UNIVERSITY
Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University
(Accredited "A Grade" by NAAC)
NO AMOUNT OF MONEY
CAN GIVE THE HAPPINESS THAT
FREEDOM DOES.
LONG LIVE OUR NATION.
15th AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
78
CONTACT FOR MORE DETAILS:
ADMISSION HELPLINE
6261-900581/82
Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.)
Ph. +91-7753-253801,
Email: info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in
Website: www.cvru.ac.in
City Office: Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878


विजयी विश्व तिरंगा प्यारा
प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ
शैलेष पाण्डेय
पूर्व विधायक बिलासपुर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
एक प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान


एनटीपीसी NTPC
Building a Better Tomorrow, Today!
कोरबा KORBA
We, at NTPC Korba, firmly believe that communities located in the vicinity of our projects as well as those displaced by them are important stakeholders in India's growth story. Reason why, CSR has been an integral part of NTPC's business of power generation and lighting up the lives of millions of Indians.
More than 120 students got jobs through vocational training programs
Vocational Training
Health Services
More than 38000 beneficiaries of mobile health clinic and other health services
1761 beneficiaries for Disability Rehabilitation Program
Glimpses of GEM
NTPC Korba
Divyangjan Sewa
124 girls participated in the Girl Empowerment Mission 2024
Infrastructure
Sports Achievers
• 453 toilets in more than 250 schools have been renovated along with water supply
• 9 Community halls, roads, street lights and pond renovation have been done under CSR
• Harshit Thakur represented India in Badminton
• Kiran Pisda represented India in Football as a female footballer
• More than 90 females of Chhattisgarh are being trained in football.
• Supported Taekwondo, Archery and Kalaripayattu.
Wishing you all
A Happy Independence Day
NTPC Limited
(A Govt. of India Enterprise)
Leading the Power Sector
NTPC Korba: P.O. Vikas Bhawan, Jamanipali-495 450, Dist. Korba, Chattisgarh
Telephone: 07759 - 233021 • Fax: 233095 • Website: www.ntpc.co.in
Follow us on /ntpc1 /ntpclimited /ntpcltd1 /company/ntpc /ntpclimited /ntpc_limited

बिलासपुर, गुरूवार 15 अगस्त 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# भूख बेताब हुई तो आजादी की खैर नहीं

गुरुवार को भारत अपनी आजादी के 76 वर्ष पूरे कर रहा है। इस अवसर पर स्वाभाविकत: देश भर में जश्न का माहौल रहेगा। औपनिवेशिक पराधीनता की बेड़ियां काटकर आजाद होने के लिये भारत ने जिस सत्य और अहिंसा का सहारा लिया, वह अब भी भारतीयों के लिये महान स्वतंत्रता संग्राम की अमूल्य विरासत है। वह एक कोरा संघर्ष नहीं था बल्कि उसमें इस महान देश के परम्परागत मूल्यों और आदर्शों को पिरोया गया था। अपने सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों को क्षरित किये बगैर हासिल की गयी लड़ाई को दुनिया ने अचरज के साथ प्रशंसा की निगाहों से देखा। इतना ही नहीं, भारत की स्वाधीनता की लड़ाई ने अनेक देशों को प्रेरित किया और हमारे पीछे-पीछे वे भी सम्प्रभु राष्ट्र बनते चले गये।

यही कारण है कि हमारे राष्ट्रनायक विश्वनायक बने। कई देशों में इन नेताओं की मूर्तियां हैं, उनके नाम पर चौराहे और मार्ग हैं। पिछले 77 वर्षों में अनेक पार्टियों की सरकारें बनीं, अलग-अलग तरह के लोगों ने प्रधानमंत्री का पद सम्हाला। उन सभी की विचारधारा चाहे एक दूसरे से जुदा थी, काम-काज का ढंग पृथक था, लेकिन जो सभी को जोड़े रखती थी और उसे किसी ने तोड़ने की कोशिश नहीं की, वह है हमारी यही महान उपलब्धि और विरासत जिसे पहली बार बहुत शिद्दत और सायास झुठलाने, नकारने और लांछित करने का दौर जारी है। भारतीय जनता पार्टी जिस संगठन की कोख से निकली है, वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आजादी के आंदोलन से अलग रहा। बल्कि वह न स्वतंत्रता चाहता था और न ही उसके ज़रिये जैसा समाज बना वैसी व्यवस्था चाहता थी। बहुत हाथ-पांव मारने के बावजूद यह विचारधारा और संगठन भारत की राजनीतिक प्रणाली में हमेशा हाशिये पर रहा। स्वतंत्रता संग्राम में उसकी निभाई नकारात्मक भूमिका ने उसके लिये इस देश की वैचारिकी और कार्य संस्कृति में कोई जगह नहीं छोड़ी। इसलिये भारत महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और डॉ. बीआर अंबेडकर के सपनों के अनुकूल बन सका। स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व के सिद्धांतों पर निर्मित देश को इसलिये आधुनिक राष्ट्रों की पंक्ति में सम्मानजनक स्थान मिल सका।

1991 के बाद परिस्थितियां बदलीं। 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करने से देश का वह वर्ग विचलित हो उठा जो सभी तरह की गैरबराबरी में यकीन करता है। इसलिये इस सोच का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा के लालकृष्ण आडवाणी ने राममंदिर आंदोलन की रथयात्रा निकाली थी जो उनकी बिहार में गिरफ्तारी के साथ समाप्त तो हो गयी लेकिन इसका सियासी लाभ उसे मिला। भाजपा लगातार बलवती होती गयी। भाजपा के अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने परन्तु उनकी आर्थिक मोर्चे पर असफलताओं से देश फिर रोजी-रोटी पर लौट आया। 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबन्धन यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायंस (यूपीए) की सरकार बनी। 2014 में भाजपा चोला बदलकर आई। गुजरात मॉडल का नाम जपते हुए नरेन्द्र मोदी पीएम बने। जल्दी ही साफ हो गया कि पूंजीवाद और साम्प्रदायिकता का संघ का एजेंडा ही वे लागू करने आये हैं। इसके पहले कि उनकी गति वाजपेयी की तरह की होती, 2019 का चुनाव भी वे राष्ट्रवाद का मुलम्मा चढ़ाकर जीत गये- पहले से अधिक सीटें लेकर। इसके बाद मोदी ने अपना असली मकसद दिखलाया। विपक्ष को नेस्तनाबूद करने, अल्पसंख्यकों के खिलाफ़ देश में माहौल बनाने, जनविरोधी कानून लाने, खरीद-फरोख्त के जरिये या केन्द्रीय जांच एजेंसियों से डरा-धमकाकार निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर व असरहीन करने, विरोधी लोगों को जेल भेजने जैसे काम कर मोदी ने एक तरह से अप्रत्यक्ष तानाशाही ही लागू कर रखी है- 2024 में कमजोर होने के बावजूद। जनता तथा मीडिया से संवादहीनता रखते हुए मोदी ने संसद को तक जेब में डाल रखा है।

जनता को भ्रमित कर अपनी छवि चमकाने के लिये मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को मिटाना चाहा। इसके दो कारण हैं, पहला तो विचारधारा का अलग होना और दूसरे, उनकी असफलताएं। एक दशक से सभी मोर्चों पर उनकी नाकामियों के किस्से मिल रहे हैं। हालांकि इस असफलता को भी वे, उनकी सरकार, पार्टी और समर्थक स्वीकारने के लिये तैयार नहीं हैं। यह भी सच है कि वे देश की जनता को जान-बूझकर लाचार और कंगाल बना रहे हैं ताकि कोई उनसे सवाल न कर सके। आखिर एक कमजोर नागरिक सत्ता से कैसे टकरा सकता है- यह मोदी सरकार जानती है। लोगों की आजादी को असली खतरा यहीं से शुरू होता है जो भारतीय नागरिकों पर छाया हुआ है। नोटबन्दी, जीएसटी, कोरोना कुप्रबंधन, बेरोजगारी और महंगाई से जर्जर हालात वाले अपनी स्थिति पर गौर न कर सकें, इसके लिये भाजपा सरकार के पास अमृतकाल, भारत विभाजन विभीषिका दिवस, संविधान हत्या दिवस, तिरंगा यात्रा जैसे इवेंट तो हैं, लेकिन लोगों के आर्थिक हालात सुधारने के लिये न कोई मंशा और योजना।

रोटी के जरिये जनसामान्य की स्वाधीनता छीनने को आतुर भाजपा सरकार को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की उस चेतावनी को ध्यान में रखना होगा जो उन्होंने अपनी प्रसिद्ध कविता 'रोटी और स्वाधीनता' में दी है-

आजादी तो मिल गई, मगर, यह गौरव कहां जुगाएगा?
मरभुखे! इसे घबराहट में तू बेच तो न खा जाएगा?
आजादी रोटी नहीं, मगर, दोनों में कोई वैर नहीं,
पर कहीं भूख बेताब हुई तो आजादी की खैर नहीं।

हो रहे खड़े आजादी को हर ओर दगा देने वाले,
पशुओं को रोटी दिखा उन्हें फिर साथ लगा लेने वाले।
इनके जादू का जोर भला कब तक बुभुक्षु सह सकता है?
है कौन, पेट की ज्वाला में पड़कर मनुष्य रह सकता है?

झेलेगा यह बलिदान? भूख की घनी चोट सह पाएगा?
आ पड़ी विपद तो क्या प्रताप-सा घास चबा रह पाएगा?
है बड़ी बात आजादी का पाना ही नहीं, जुगाना भी,
बलि एक बार ही नहीं, उसे पड़ता फिर-फिर दुहराना भी।

# आजादी के तोहफे पर सियासत का फीता

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश एक बार फिर आजादी की वर्षगांठ मनाने तैयार है। 2014 से पहले स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस, जनता के उत्सव हुआ करते थे। लेकिन पिछले 10 सालों में माहौल बदल गया है। अब इन राष्ट्रीय पर्वों को अनाधिकारिक तरह से भाजपा के अधिकार क्षेत्र के दायरे में मनाया जाने लगा है। 2 अक्टूबर का महत्व भी भाजपा ने लगभग खत्म ही कर दिया है, क्योंकि अब चरखा चलाते गांधी की जगह खादी वाले मोदी के कैलेंडर का चलन देश में हो गया है। 2021 से आजादी के अमृत महोत्सव को मनाने की शुरुआत नरेन्द्र मोदी ने की और उसके बाद तो जैसे आजादी पर भाजपा का कॉपीराइट ही हो गया। अमृत महोत्सव के बाद हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हो गई। अब 15 अगस्त के कुछ दिनों पहले से तिरंगा यात्राएं निकाली जाने लगी हैं, जिनमें भाजपा नेता और उनके समर्थक बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मेरा तिरंगा उसके तिरंगे से बड़ा क्यों नहीं, बस यही स्पर्धा खुलकर शुरु होना बाकी है, वर्ना दिखावे में कोई किसी से पीछे नहीं है।

तिरंगा फहराने में किसी नागरिक को कोई आपत्ति नहीं है, यह जरूर है कि संघ को इससे आपत्ति थी और शायद इसलिए संघ मुख्यालय में तिरंगा 2002 तक नहीं फहराया गया, उसके बाद इसकी शुरुआत हुई। इस बारे में पिछले साल जब मोहन भागवत से सवाल किया गया तो उनका जवाब था कि हम जहां रहते हैं, वहां तिरंगा फहराते हैं। सवाल तिरंगा फहराने का नहीं है, लेकिन जब इसकी रक्षा की बात आए, तो हम सबसे आगे रहते हैं। श्री भागवत ने एक सीधे सवाल का जवाब गोल-मोल तरीके से दे दिया। यही गोल-मोल रवैया अब मोदी सरकार का भी दिख रहा है। 2021 से ही नरेन्द्र मोदी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की शुरुआत भी की। हर साल 14 अगस्त को अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन दिए जाते हैं, जिसमें बंटवारे की भयानक याद को ताजा किया जाता है। इस बरस भी यही हुआ। देश के दो हिस्से होने के बाद लाखों लोगों को अपनी जड़ों से उखड़कर किस तरह विस्थापित होना पड़ा, इसकी तस्वीरें नरेन्द्र मोदी की तस्वीरों के साथ दी गईं।

भाजपा की इस मानसिकता को समझना थोड़ा मुश्किल लगता है कि बुरी यादों को वह किस तरह राजनीति के लिए इस्तेमाल करती है और उसमें विध्वंसक शब्दों का जो खिलवाड़ होता है, वह भी आश्चर्य ही है। संविधान हत्या विरोधी दिवस भाजपा का ताजा दांव है, जिसमें आपातकाल की याद लोगों को दिलाई जाएगी और इसके लिए हत्या जैसे शब्द का सहज इस्तेमाल भाजपा ने कर लिया। इसी तरह विभाजन की विभीषिका के साथ स्मृति शब्द जोड़ा गया। ऐसा नहीं है कि बंटवारे के दर्द को लोगों ने बाद में याद नहीं किया। भीष्म साहनी के लेखन का बड़ा हिस्सा बंटवारे पर ही है। सआादत हसन मंटो, कृष्णा सोबती, कमलेश्वर, अमृता प्रीतम, यशपाल जैसे कई लेखकों ने बंटवारे पर कहानियां, उपन्यास, नाटक लिखे। बंटवारे पर फिल्में, धारावाहिक भी बने। लेकिन सबमें मूल सवाल यही रहा कि सरहदें बंटने से क्या इंसानियत के मायने बदल जाते हैं। क्या कोई भी धर्म इंसानियत से बड़ा हो सकता है।

> बांग्लादेश के नए मुखिया ने बिल्कुल नोबेल विजेता के अनुरूप ही बातें कही हैं। समस्याएं लोगों में नहीं व्यवस्था में होती है और उन गड़बड़ियों को दूर करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। व्यवस्था की कमियों से ध्यान भटकाने के लिए धर्म की आड़ में इंसानों को अगर निशाना बनाया जाना लोकतंत्र की पहचान नहीं है। यह बात बांग्लादेश के लिए ही नहीं भारत के लिए भी उतनी ही माकूल है।

नरेन्द्र मोदी को कभी अपने लिखे को पढ़ने से फुर्सत मिले, तो उन्हें विभाजन पर लिखे गए साहित्य को भी पढ़ना चाहिए, तब उन्हें यह अहसास होगा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की शुरुआत करके असल में उन्होंने फिर से बंटवारे की मानसिकता को ताजा करने का काम किया है। संघ की सोच तो हमेशा से अखंड भारत वाली रही है। हालांकि भू राजनैतिक परिस्थितियों को दरकिनार करके संघ किस तरह से इस सोच को अमल में लाएगा, यह भी एक अबूझ पहेली है।

श्री मोदी ने इस बरस ट्वीट किया है कि हम उन अनगिनत लोगों को याद करते हैं जो विभाजन की भयावहता से प्रभावित हुए और उन्हें बहुत तकलीफ हुई। यह उनके साहस को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जो मानवीय लचीलेपन की शक्ति को दर्शाता है। विभाजन से प्रभावित बहुत से लोगों ने अपने जीवन को फिर से संवारा और अपार सफलता प्राप्त की। आज, हम अपने देश में एकता और भाईचारे के बंधनों की हमेशा रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कहा कि पाकिस्तान का या तो भारत में विलय होगा या फिर हमेशा के लिए इतिहास से समाप्त हो जाएगा। भाजपा के इन दो नेताओं के वक्तव्यों से समझ आता है कि असल में इनके लिए आजादी का महत्व सत्ता से जुड़ा हुआ है और इसमें विभाजन के दिन को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना पड़े तो यह भी इन्हें मंजूर है।

देश में एकता और भाईचारे की बात करने वाले प्रधानमंत्री मोदी चुनावी भाषणों में कपड़ों से पहचान की बात भी करते हैं और जिनके ज्यादा बच्चे होंगे, कांग्रेस उन्हें आपका धन दे देगी, जैसे बयान भी देते हैं। गनीमत है कि देश की जनता ने इन चुनावों में ऐसे भाषणों को तरजीह नहीं दी। वैसे भी भारत की जनता आजादी और लोकतंत्र दोनों का महत्व अच्छे से समझती है। खासकर मौजूदा वैश्विक हालात देखकर यह बात और गहराई से समझी जा सकती है कि एक आजाद और लोकतांत्रिक देश में रहने के क्या मायने होते हैं। इजरायल के आक्रमण से फिलीस्तीन के लोगों की जो दशा हुई है, शायद नारकीय शब्द भी उसके लिए पर्याप्त नहीं होगा। अपने क्रूर शासक की सरपरस्ती में इजरायली सैनिक नृशंसता की सारी हदें पार कर रहे हैं और संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं बतकही से काम चला रही हैं। अमेरिका की शह पर युद्ध का घिनौना खेल खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इधर रूस और यूक्रेन में भी किसी तरह युद्ध विराम नहीं हो रहा, बल्कि यूक्रेन रूस की सीमाओं के भीतर आ गया है, जिससे साफ हो गया है कि नाटो का खतरनाक खेल इतनी जल्दी रुकने वाला नहीं है। हमारे अपने पड़ोसी बांग्लादेश में जिस तरह से तख्तापलट किया गया, वह चिंताजनक है ही, उससे भी खतरनाक बात यह है कि वहां धार्मिक पहचान के आधार पर हिंसा हो रही है। जबकि बांग्लादेश अपने गठन की शुरुआत से धर्मनिरपेक्षता को लेकर चला है। मगर सत्ता की आड़ में धर्मांध तत्वों ने वहां भी घुसपैठ कर ली। गनीमत यह है कि वहां की अंतरिम सरकार के मुखिया और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद युनूस ने 13 अगस्त को ढाकेश्वरी मंदिर जाकर अल्पसंख्यकों को आश्वासन दिया कि वे उनके हितों की रक्षा करने के लिए तैयार हैं। मो. युनूस ने कहा कि 'हमारी लोकतांत्रिक आकांक्षाओं में हमें मुसलमान, हिंदू या बौद्ध नहीं बल्कि इंसान के तौर पर में देखा जाना चाहिए। हमारे अधिकार सुनिश्चित किए जाने चाहिए। सभी समस्याओं की जड़ संस्थागत व्यवस्थाओं के क्षय में है। इसीलिए ऐसे मुद्दे उठते हैं। संस्थागत व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की जरूरत है।'

बांग्लादेश के नए मुखिया ने बिल्कुल नोबेल विजेता के अनुरूप ही बातें कही हैं। समस्याएं लोगों में नहीं व्यवस्था में होती है और उन गड़बड़ियों को दूर करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। व्यवस्था की कमियों से ध्यान भटकाने के लिए धर्म की आड़ में इंसानों को अगर निशाना बनाया जाना लोकतंत्र की पहचान नहीं है। यह बात बांग्लादेश के लिए ही नहीं भारत के लिए भी उतनी ही माकूल है। कहने को तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी लालकिले की प्राचीर से अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा की बात कह चुके हैं, लेकिन उनके शासनकाल में यह बात अमल में कभी आती नहीं दिखी। कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों में नाम लिखने से लेकर ताजमहल के भीतर गंगाजल चढ़ाने और वक्फ बोर्ड संशोधन तक भेदभाव की परतें कई स्तरों पर खुली हैं। इन ताजा उदाहरणों के अलावा दस सालों के कई ऐसे प्रकरण हैं, जब संविधानप्रदत्त समानता के अधिकार का हनन हुआ है।

इस पृष्ठभूमि में जब हम एक और स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं, तो हरेक नागरिक को खुद से सवाल करना चाहिए कि आजादी के अनुपम तोहफे को क्या सियासत के फीते में बांधने की अनुमति किसी को भी दी जा सकती है।

# जुलाई में मुद्रास्फीति की बहुत कम दर के सरकारी आंकड़ों पर प्रश्नचिह्न

■ अंजन रॉय

बांद्र सरकार द्वारा सोमवार को जारी किये गये नवीनतम मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 के बाद से कीमतों में सबसे कम वृद्धि हुई है। यह अच्छी खबर है। लेकिन यह कई सवाल भी खड़े करता है। अंतिम आंकड़े जुलाई 2024 में कुल मुद्रास्फीति दर 3.54 प्रतिशत दर्शाते हैं, जो जून में 5.1 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर से बहुत कम है।

यहां तक कि जुलाई में मुख्य खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति में भी अचानक गिरावट देखी गई और यह देश भर में 5.4 प्रतिशत हो गई, जबकि सब्जियों, फलों और अनाज के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी आई। लेकिन खुदरा बाजारों में खाद्य कीमतों के अनुभव को देखते हुए यह आश्चर्यजनक है, खासकर अप्रैल, मई और जून 2024 में खाद्य कीमतों के रुझान के मद्देनजर।

मुद्रास्फीति दर में तेज गिरावट एक तरह की पहेली प्रतीत होती है और रिजर्व बैंक ने अपने पिछले मौद्रिक नीति वक्तव्य में जो उम्मीद की थी, उसके विपरीत है। हालांकि इसने अपनी उम्मीदों को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में करीब 3 प्रतिशत के आधार प्रभाव के बाद जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति दर में अनुकूल रुझान दिखना चाहिए।

चालू वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में, जब कृषि क्षेत्र पर अनुकूल दक्षिण-पश्चिम मानसून का असर दिखने लगेगा, तभी खाद्य कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है।

वास्तव में, नीति वक्तव्य में उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा बताये गये नवीनतम खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति के रुझानों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

> आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति के बारे में जनता की धारणा खाद्य मुद्रास्फीति दरों से प्रभावित होती है और मुद्रास्फीति की उम्मीदें उसी आधार पर बनती हैं। इसलिए, समग्र मौद्रिक नीति रुख तैयार करने में खाद्य मुद्रास्फीति का महत्व है। यह महत्वपूर्ण क्यों है, क्योंकि अगर आम लोगों की मुद्रास्फीति की उम्मीदें कीमतों की उच्च दीर्घकालिक अपेक्षाओं की ओर झुक जाती हैं, तो मुद्रास्फीति 'चिपचिपी' हो जाती है।

उच्च आवृत्ति वाले खाद्य मूल्य ने जुलाई में टमाटर की कीमतों में 62.1 प्रतिशत, प्याज की कीमतों में 22.6 प्रतिशत और आलू की कीमतों में 18.0 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई। जुलाई में प्रमुख दालों की कीमतों में भी 0.4 से 4.3 प्रतिशत की सीमा में वृद्धि हुई।

आइए, हम पिछले मौद्रिक नीति वक्तव्य में दी गई खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति दरों पर बारीकी से नज़र डालें। अप्रैल-मई में 4.8 प्रतिशत पर रही मुख्य मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गयी। अप्रैल-मई में 7.9 प्रतिशत से जून में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गयी। मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य का योगदान अप्रैल में 74.7 प्रतिशत से बढ़कर मई में 75.2 प्रतिशत और जून में 76.3 प्रतिशत हो गया। जून 2023 में खाद्य का योगदान 44.8 प्रतिशत था।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) टमाटर में जून में 48.7 प्रतिशत (मासिक) की वृद्धि हुई, जबकि प्याज में 24.2 प्रतिशत (मासिक) और आलू में 12.2 प्रतिशत (मासिक) की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप सब्जियों के लिए साल-दर-साल मुद्रास्फीति 29.3 प्रतिशत रही। कुल मिलाकर, सीपीआई बास्केट में 6.0 प्रतिशत भार वाली सब्जियों ने जून में मुद्रास्फीति में 34.9 प्रतिशत का योगदान दिया। अनाज की मुद्रास्फीति अप्रैल में 8.6 प्रतिशत से बढ़कर जून में 8.8 प्रतिशत हो गई। फलों की मुद्रास्फीति अप्रैल में 5.2 प्रतिशत से बढ़कर जून में 7.2 प्रतिशत हो गई। दालों की मुद्रास्फीति जून में 16.1 प्रतिशत रही, जो लगातार 13 महीनों में दोहरे अंकों में दर्ज की गई।

पहेली यह है कि एक ही वर्ष में खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति में इतनी भारी गिरावट कैसे आ सकती है! इसके लिए अधिक विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है।

नवंबर 2023-जून 2024 के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति औसतन 8 प्रतिशत के आसपास रही। उच्च खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति के संदर्भ में, आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति के रुख को बनाये रखने का विकल्प चुना, बजाय इसे नीचे की ओर संशोधित करने के, जैसा कि मौद्रिक नीति समिति के कुछ सदस्यों ने दृढ़ता से आग्रह किया था।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति के बारे में जनता की धारणा खाद्य मुद्रास्फीति दरों से प्रभावित होती है और मुद्रास्फीति की उम्मीदें उसी आधार पर बनती हैं। इसलिए, समग्र मौद्रिक नीति रुख तैयार करने में खाद्य मुद्रास्फीति का महत्व है। यह महत्वपूर्ण क्यों है, क्योंकि अगर आम लोगों की मुद्रास्फीति की उम्मीदें कीमतों की उच्च दीर्घकालिक अपेक्षाओं की ओर झुक जाती हैं, तो मुद्रास्फीति 'चिपचिपी' हो जाती है। ऐसी स्थिति में पारंपरिक मौद्रिक नीति उपकरणों के माध्यम से मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है, अगरचे कभी-कभी अप्रभावी भी हो जाता है।

नवंबर 2023 से, मुद्रास्फीति की उम्मीदों में गिरावट रुक गई है, रिजर्व बैंक ने अपने नीति वक्तव्य में उल्लेख किया था। जुलाई 2024 के सर्वेक्षण दौर में पिछले सर्वेक्षण दौर (मई 2024) की तुलना में तीन महीने और एक साल आगे की मुद्रास्फीति की उम्मीदें 20 बीपीएस तक बढ़ गयीं।

मौजूदा मुद्रास्फीति परिदृश्य में पहेली मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति के बीच का अंतर है। खाद्य और ईंधन मुद्रास्फीति को छोड़कर, मुद्रास्फीति की समग्र दर में नरमी के रुझान दिखाई दे रहे हैं। जून में ईंधन में अपस्फीति (-) 3.7 प्रतिशत है। खाद्य और ईंधन को छोड़कर सीपीआई अप्रैल में 3.2 प्रतिशत से घटकर मई-जून 2024 में 3.1 प्रतिशत हो गई, जो मौजूदा सीपीआई श्रृंखला में एक नया निचला स्तर है। कोर मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति के बीच इस स्पष्ट विरोधाभास और विचलन के लिए एक स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। संभवत: खाद्य वस्तुओं के लिए आपूर्ति पक्ष के झटके लग रहे हैं और शायद आपूर्ति में भी अड़चनें हैं।

इस मुद्रास्फीति परिदृश्य के खिलाफ, समग्र अर्थव्यवस्था काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। यानी, विकास-मुद्रास्फीति गतिशीलता में, जिस गति से अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके बारे में आशावादी होने का कारण है। जीएसटी राजस्व, जिसे समग्र आर्थिक गतिविधि के लिए एक प्रॉक्सी के रूप में लिया जा सकता है, 1.82 लाख करोड़ रुपये बढ़ा। जुलाई के दौरान 10.3 प्रतिशत और टोल संग्रह में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। घरेलू एयर कार्गो और पोर्ट कार्गो ने जून 2024 में क्रमश: 10.3 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि दर्ज की। 26 जुलाई, 2024 तक कुल बैंक ऋण में 15.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

मई 2024 में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं की बिक्री में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि जून में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 21.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जून 2024 में मनरेगा के तहत मांग में 21.7 प्रतिशत और जुलाई में 19.4 प्रतिशत की गिरावट आई, जो कृषि क्षेत्र के रोजगार में सुधार को दर्शाता है। जून में ट्रैक्टर की बिक्री ने 3.6 प्रतिशत की वृद्धि करके बदलाव दर्ज किया।

मई 2024 में उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और जून में यात्री वाहनों की बिक्री में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जून 2024 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 6.9 प्रतिशत और जुलाई में 6.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो बहुत ऊंचे आधार पर है क्योंकि जून 2023 में इसमें 19.2 प्रतिशत और जुलाई 2023 में 26.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जुलाई 2024 में स्टील की खपत में 14.6 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई। जून 2024 में सीमेंट उत्पादन में मामूली 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जून 2024 के दौरान पूंजीगत वस्तुओं के आयात में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मई 2024 में पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2023-24 की चौथी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र में क्षमता उपयोग 76.8 प्रतिशत रहा, जो 11 वर्षों में सबसे अधिक है। ऐसे में, इन आंकड़ों के अनुसार आर्थिक गतिविधि के स्तर को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज में कटौती की आवश्यकता होती। ऐसा केवल तभी संभव था जब मूल्य स्थिति दीर्घ अवधि के लिए थोड़ी अधिक स्थिर होती। परन्तु ऐसा प्रतीत नहीं होता है।

## आपके पत्र

### स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत की उपलब्धि और प्रगति

आजादी की लड़ाई में भारत ने एक लंबा सफर तय किया है। अंग्रेजों की दासता और इस जिल्लत भरी दर्दभरी गुलामी के बाद स्वतंत्रता मिली और भारतीयों के मन मयूर नाच उठे। अंग्रेजों की गुलामी की पीड़ा भारत आज दिन तक देश नहीं भूल पाया है। 15 अगस्त 1947 को भारत विश्व की सबसे बड़ा लोकतंत्र वाला देश बन गया। भारत आज 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। भारत ने अधिशेष अर्थव्यवस्था का निर्माण किया है। भारत की बढ़ती ताकत का लोहा दुनिया मान रही है। विज्ञान और अंतरिक्ष यान की तरक्की दुनिया में अव्वल दर्जे की बन गई है। प्रौद्योगिकी में भारत का नाम सबसे पहले लिया जा रहा है। भारत की विदेश नीति इन विगत वर्षों में आसमान छू रही है। विदेश नीति की समीक्षा में भारत का नाम सबसे आगे लिया जा रहा है। दासता से बाहर निकल कर भारतीय आज उस बीते हुए अतीत की ओर झांक कर भी नहीं देखना चाहता है। महात्मा गांधी अग्रदूतों में से थे जिन्होंने भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिता रही। भारत ने एक हजार साल से आततायीओं की गुलामी सही है। भारत के सबसे पहले स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे थे जिन्होंने 1857 में अंग्रेजों की आजादी की असली लड़ाई शुरू की गई थी। झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई ने आजादी की लड़ाई का बिगुल फूंक कर देश की जनता को जागृत करने का महान कार्य किया। भारत एशिया में सबसे बड़े शक्तिशाली राष्ट्र बनकर उभरा है। विश्व गुरु की ओर बढ़ते कदम भारत की शान का गुणगान दुनिया में गाया जा रहा है। लोगों की देशभक्ति बढ़ी है। अंग्रेजों की बेड़ियों में जकड़ा हुआ भारत आज खुली हवा में सांस ले रहा है। भारत विश्व की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है। भारत ने धरातल से लेकर गगनभेदी प्रगति की मिसाल पेश की है। लेकिन आज भारत मे बहुत कुछ करने के लिए बाकी है। बेरोजगारी भ्रष्टाचार और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां हमारे समक्ष हैं। इन समस्याओं को एकजुटता के साथ सामना करके इसका निराकरण का प्रयास करना होगा। लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देकर आय के स्त्रोत कायम करने होंगे। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारे हर बच्चे के लिए आवश्यक है। इसके लिए सरकार को मार्ग प्रशस्त करना होगा जिससे बच्चों के भविष्य को निखारा जा सके। जाति, धर्म और लिंग के भेदभाव को दूर कर समानता का अधिकार देना होगा। आबादी नियंत्रण के लिए सरकार को कदम बढ़ाना होगा। आतंकवाद की समस्या विश्व के लिए खतरा बनी हुई है। इसको नेस्तनाबूद करने के लिए सरकार प्रयासरत है। जबकि पड़ोसी देशों के साथ संबंध में बढ़ोतरी कर उनके साथ मैत्रीपूर्ण अभिगम अपनाने के प्रयास करने होंगे। भारत वसुधैव कुटुंबम की धारणा लेकर चलने वाला देश है इसलिए इसकी पहली प्राथमिकता है। सहयोग और साझेदारी विकास का मूल मंत्र है। भारत में अलगाववादी ताकतों को खत्म करना होगा। भारत की ताकत दुनिया जान गई है। चीन और पाकिस्तान जिस तरह भारत को शून्य समझने हुए दोगलापन कर रहे हैं तो इन देशों के साथ भारत को कटु व्यवहार करके सबक सिखाने की जरूरत है। व्यक्तिगत और सामूहिक कर्तव्य को समझने की जरूरत है। निम्न स्तर के लोगों का जीवन सुधरना चाहिए। तभी स्वतंत्रता के उद्देश्य की पूर्ति हो सकती है।

**कान्तिलाल मांडोत, सूरत**



# ललित सुरजन की कलम से

## स्वाधीनता और जनतंत्र का रिश्ता

*'यह उचित होगा कि स्वतंत्रता दिवस को स्वाधीनता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता दिवस के रूप में मनाया जाए। आज यह ध्यान रखना पहले से कहीं अधिक आवश्यक है, क्योंकि एक साजिश के तहत देश का नया इतिहास लिखने का काम चल रहा है। जिन्होंने आज़ादी की लड़ाई में कुर्बानियों दीं, उनके नाम और चिह्न मिटाए जा रहे हैं, उनकी स्मृति का खुलेआम अपमान किया जा रहा है। दूसरी ओर वे ताकतें जिन्होंने औपनिवेशिक सत्ता का तन-मन-धन से सहयोग किया, बल्कि जो अंग्रेजी राज में हुक्म के ताबेदार बन गए, उनका गुणगान हो रहा है, उनकी जय जयकार की जा रही है, उनकी मूर्तियां और मंदिर बन रहे हैं। सत्य को सिर के बल खड़ा कर दिया गया है। जो नए-नए किस्से गढ़े जा रहे हैं उन्हें सुन-पढ़कर हैरत होती है। दुर्भाग्य है कि पूंजीमुखी मीडिया को इस छद्म को रचने में सत्तातंत्र का सहायक बनने में कोई ग्लानि महसूस नहीं हो रही है। इसलिए आज वक्त है कि जनता तिलक, गोखले, गांधी, नेहरू, पटेल, सुभाष, मौलाना आज़ाद, राजेंद्र प्रसाद, बाबा साहेब, भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद और उनके तमाम साथियों के बारे में जितना कुछ जान सकती है, सही रूप में जानने-समझने की कोशिश करे।'*

**(देशबन्धु में 15 अगस्त 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/08/blog-post.html

## स्वतंत्रता दिवस

### युवा ही हैं बुजुर्ग आजादी के सपने

स्वतंत्रता दिवस अर्थात प्रत्येक भारतीय के मन के उल्लास और खुशी का दिन। यदि इस खुशी को चौगुना करना चाहते हैं तो अपनी गुलामी की त्रासदी को याद करना होगा। कैसे हमारी स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में देश के वीर जवानों ने अपनी जान की परवाह न कर हमें उन्मुक्त गगन देने के इरादे से फांसी के फंदों को फूलों की माला मानकर खुशी-खुशी अपनी गर्दनों में डाल लिया! क्या हमारा यह फर्ज़ नहीं कि आज हम अपने भारतवर्ष की आजादी के मायनों को सार्थक करने हर प्रकार की विसंगति को दूर करने अपना सर्वस्व लगा दें। वर्तमान भारतवर्ष की स्थिति और स्वतंत्रता के उपरांत दिख रही कमी को एक कवि ही अपनी कलम में पिरो कर दर्द बयां कर सकता है। मुझे आज कवि महावीर प्रसाद मधुप की लिखी ऐसी ही पंक्तियां अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। उन्होंने बड़े ही अच्छे अंदाज में स्वतंत्रता की खुशियों के साथ विडंबना को अपने शब्दों में पिरोया है-

क्यों न हर्ष हो, जब खोया उत्कर्ष हमें
फिर प्राप्त हुआ, भागी दासता दूर,
देश का सुयश विश्व में व्याप्त हुआ,
पर केवल इससे करना होगा,
हमको संतोष नहीं, तड़प रहे अरमान
अभी, हम रह सकते खामोश नहीं।।

हमें आजाद हुए पूरे 77 वर्ष बीत चुके हैं और हम अपने 78 वें स्वतंत्रता दिवस को मनाने आतुर हैं । कहा जाए तो हमारी स्वतंत्रता बुजुर्गियत को छू रही है, किंतु भारतवर्ष की राजनीति, प्रशासनिक व्यवस्था और न्यायपालिका में जिस गति से परिपक्वता और गंभीरता आनी चाहिए थी, वह अभी कोसों दूर नजर आ रही है। मैं यह स्वीकार करता हूं कि आज का दिन हमारे लिए गौरव का दिन है। हमें आज का दिन देश की कमियों को गिनाने में नहीं बिताना चाहिए किंतु आज हमारी आंखें स्वतंत्रता के समय के वादों- इरादों को याद कर न खुलें तो, भला कब खुलें? आजादी के उत्सव वाले दिन हम उमंग में इतने ज्यादा लिपटे होते हैं कि शाम ढलते-ढलते थक जाती है। कारण यह नहीं कि वह बीमार है। कारण यह भी नहीं कि हमारी आजादी बूढ़ी हो रही है, आज का दिन थक जाता है अपने मुल्क के बासिंदों की अकर्मण्यता देखकर हम पूरी तरह निराश नहीं हैं।

स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं खुशी में हम प्रवेश कर रहे हैं। भारतीय युवाओं की रचनात्मक शक्ति को उचित परिप्रेक्ष्य में पहचाना जाएगा। उनके भविष्य को उज्ज्वल दिशा प्रदान करने देश के योजनाकारों और कर्णधारों को ऐसा कुछ करना होगा जिससे युवाओं की सोच के समुंदर में उठने वाली लहरें और ज्यादा ऊपर उठने का प्रयास करें। यही वह कदम होगा जो हमारे युवाओं को उनके सपनों सहित ऊंची उड़ान भरने ईंधन प्रदान कर सकेगा। विश्वपटल पर भारतवर्ष को शक्तिशाली देश भी अनेक समस्याओं के समाधान के संदर्भ में मार्गदर्शक के तौर पर देख रहे हैं। निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करने देश के युवाओं की भूमिका अग्रणी हो सकती है ।

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

उल्टा पुल्टा

अंकल- बेटा क्या करते हो?
शख्स- अंकल मैं 'बाबू' हूं
अंकल- वाह, तुम क्लर्क हो?
शख्स- नहीं अंकल मैं 'बाबू' हूं
अंकल- तू है क्या?
शख्स- अरे अंकल, मैं 'बाबू' हूं आपकी बेटी का, आपकी बेटी मुझे हमेशा कहती है- 'मेरा बाबू'

# हाथों में तिरंगा लेकर कलेक्टर की अगुवाई में सैकड़ों ने उत्साह से लगाई स्वतंत्रता दौड़

## स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद, वंदे मातरम और भारत माता के जयकारों से गूंजा शहर









**बिलासपुर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। देश की आजादी में वीर सपूतों के योगदान और उनकी शहादत की याद में आज जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत हाथों में तिरंगा लेकर कलेक्टर श्री अवनीश शरण की अगुवाई में सैकड़ों ने दौड़ लगाई। कलेक्टर ने तिरंगा मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वंदे मातरम... और भारत माता जयकारों के साथ तिरंगा मैराथन दौड़ शहर के अलग अलग रास्तों से होकर गुजरी, जिसने भी देखा उसने तिरंगे को सैल्यूट किया। तिरंगा मैराथन में अधिकारी, खिलाड़ी, स्कूली विद्यार्थी एवं नागरिकों सहित सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उत्साह के साथ शामिल हुए और देशभक्ति का संदेश दिया।

यह दौड़ नेहरू चौक से शुरू होकर होकर पिंक स्टेडियम, बिलासा गर्ल्स कॉलेज में समाप्त हुई। कलेक्टर ने यहां मौजूद लोगों को तिरंगा शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज आप सभी बच्चों को आजादी के इस इतिहास को जानना आवश्यक है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए अहिंसात्मक आंदोलन चलाए, तो वहीं शहीद भगत सिंह ने अपनी शहादत से युवाओं को प्रेरित किया।

कलेक्टर ने कहा कि आज स्वतंत्रता दिवस के पूर्व आयोजित इस स्वतंत्रता दौड़ में सभी आयु वर्ग, समाज के सभी वर्ग के लोग अपनी सहभागिता निभाई है। इसी प्रकार जब राष्ट्र निर्माण की बात हो तो सभी लोग आपसी मतभेदों को भूलाकर आगे आएं और राष्ट्र के लिए अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र ही सर्वोपरी है।

युवा पीढ़ी आजादी के महत्व को समझे और आपसी भेदभाव और वैमनस्यता की भावना को भूलकर देश की प्रगति में अपनी भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत आर पी चौहान, एडीएम आर ए कुरुवंशी, शिव कुमार बनर्जी, एडीशनल एसपी उमेश कश्यप, नीरज चंद्राकर, एसडीएम पीयूष तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संपादकीय

### नये संकल्प लेने का दिन

*दिसम्बर, 2023 में बनी छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के लिये, जिसका नेतृत्व विष्णुदेव साय कर रहे हैं, गुरुवार को मनाया जाने वाला स्वतंत्रता दिवस समारोह नये संकल्पों की अभिव्यक्ति का दिन होगा। मुख्य समारोह के मंच से साय क्या घोषणाएं करते हैं, यह जानने की उत्सुकता सभी को है। आशा की जा सकती है कि सीएम एक ऐसा छग बनाने के लिये सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर काम करने का निश्चय दोहरायेंगे। यह भी उम्मीद की जा सकती है कि जो योजनाएं एवं कार्यक्रम वे घोषित करेंगे, उनके जरिये छग एक ओर भौतिक रूप से समृद्ध होगा तो वहीं दूसरी तरफ़ यहां शांति एवं खुशहाली भी बरकरार रहेगी। अकेला भौतिक विकास काफी नहीं होता, लेकिन उसकी अहमियत से इंकार भी नहीं किया जा सकता। समाज के जितने भी वंचित तथा पिछड़े वर्ग हैं, उनके लिये ठोस कार्यक्रमों की घोषणाओं का इंतज़ार रहेगा। ऐसे ही, एक सौहार्द्रपूर्ण तथा समावेशी समाज बनाने के संकल्प को दोहराये जाने की भी अपेक्षा विष्णुदेव साय से रहेगी।*

*वैसे तो राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने काफी विकास किया है जिसका श्रेय सिर्फ एक पार्टी की सरकार को नहीं दिया जा सकता। पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने इसकी बुनियाद रखी तो 15 वर्षों तक शासन चलाने वाले डॉ. रमन सिंह ने यहां की संरचना को मजबूत किया। उन्होंने यहां बड़ी योजनाओं को विस्तार दिया तथा कोयला, बिजली, स्टील, लोहा, एल्यूमिनियम जैसे उद्योगों को दृढ़ता प्रदान की। 2018 से 2023 तक चले कांग्रेस के शासनकाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्रों में कार्यरत लोगों का सशक्तिकरण किया। गांव आधारित अर्थव्यवस्था ने प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जिसके कारण न केवल विकास दर बढ़ी बल्कि बेरोजगारी भी घटी।*

*पहले सीपी एंड बरार तत्पश्चात मध्यप्रदेश का हिस्सा रहा छग वर्षों तक राजनीतिक उपेक्षा का शिकार रहा था। यहां सभी महत्वपूर्ण खनिज उपलब्ध होने के बाद भी विकास का लाभ यहां के लोगों को नहीं मिलता था। पृथक राज्य बनने के बाद ही उसे अपने संसाधनों का सही लाभ मिलना शुरू हुआ। यही कारण है कि वर्तमान में छग तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में से एक है। यह अलग बात है कि कोरोना के कारण जिस प्रकार से और भी कई राज्यों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है, वैसे ही छग की भी हुई है।*

*विष्णुदेव साय को प्रदेश की शहरी एवं ग्रामीण गरीबी दूर करने के लिये नये कार्यक्रम लाने होंगे। कोरोना के पश्चात उद्योग, कारोबार, कृषि एवं सेवा सेक्टरों में अनेक परिवर्तन हुए हैं। उन्हें ख्याल में रखते हुए यहां के नागरिकों के सशक्तिकरण के उपाय अपनाने होंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मध्यम तथा छोटे उद्योग, आदिवासी व महिला कल्याण समेत ऐसे कई क्षेत्र हैं जिनमें व्यवहारिक योजनाएं लाने और उन्हें प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना ज़रूरी है।*

## सार-संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे ध्वजारोहण



बिलासपुर, 14 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय माहौल में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री अरूण साव समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित होगा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार सवेरे 8.59 बजे मुख्य अतिथि श्री साव का आगमन होगा। सवेरे 9 बजे श्री साव द्वारा ध्वजारोहण, सवेरे 9.02 राष्ट्रगान, 9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, सवेरे 9.15 बजे मुख्य अतिथि श्री साव द्वारा मुख्यमंत्री के सदेश का वाचन एवं उदबोधन किया जाएगा। सवेरे 9.35 बजे हर्ष फायर, सवेरे 9.40 बजे मार्च पास्ट, 9.55 बजे स्कूली बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सवेरे 10.30 बजे पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण होगा।

### महादेवसाल स्टेशन में 3 जोड़ी गाड़ियों का अस्थायी ठहराव

बिलासपुर , 14 अगस्त (देशबन्धु)। महादेवसाल मंदिर में श्रावणी मेला के अवसर पर दर्शनार्थियों की विशेष सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के महादेवसाल स्टेशन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने/चलने वाली 03 जोड़ी गाड़ियों का 02 मिनट के लिए अस्थायी ठहराव की सुविधा दिनांक 18 एवं 19 अगस्त, 2024 को दी गई है । इस सुविधा की उपलब्धता से श्रावणी मेला के अवसर पर महादेवसाल मंदिर के दर्शनार्थियों को बेहतर यात्रा सुविधा सुनिश्चित होगी । जिसका विवरण इस प्रकार है। दिनांक 18 एवं 19 अगस्त, 2024 को 12834/12833 हावड़ा-अहमदाबाद-हावड़ा बिहार एक्सप्रेस का, प्रति रविवार व सोमवार को महादेवसाल स्टेशन में 02 मिनट का ठहराव रहेगा । दिनांक 18 एवं 19 अगस्त, 2024 को 18477/18478 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस का, प्रति रविवार व सोमवार को महादेवसाल स्टेशन में 02 मिनट का ठहराव रहेगा । 18 एवं 19 अगस्त, 2024 को 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस का, प्रतिदिन महादेवसाल स्टेशन में 02 मिनट का ठहराव रहेगा ।

### सिविल लाइन क्षेत्र में निकाली गई तिरंगा यात्रा




बिलासपुर,14 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर थाना सिविल लाइन से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा थाना सिविल लाइन से जेल रोड -बृहस्पति बाजार -देवकीनंदन चौक -सदर बाजार -गोल बाजार -कोतवाली चौक -गांधी चौक -शिव टॉकीज चौक -पुराना बस स्टैंड -अग्रसेन चौक -तालापारा -इदू चौक -सत्यम चौक होते हुए वापस थाना सिविल लाइन में समापन हुआ। उक्त तिरंगा यात्रा में सी एस पी सिविल लाइन उमेश गुप्ता आई पी एस उप पुलिस अधिक्षक लाइन मंजुलता, थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रदीप आर्य , आर आई भूपेन्द्र गुप्ता और थाना एवं लाइन के सभी पुरुष एवं महिला स्टाफ शामिल हुए।

# लखनऊ-रायपुर-लखनऊ गरीब रथ सुपर फास्ट एक्सप्रेस में एलएचबी कोच का प्रावधान

## वर्तमान कोच 14 कोच से बढ़ाकर 20 कोच की सुविधा प्रदान की जा रही है

### रेल यात्रियों को मिलेगी बेहतर आरामदायक एवं संरक्षित यात्रा सुविधा

**बिलासपुर** , 14 अगस्त (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा रहा है । इस तारतम्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली सभी गाड़ियों में योजनाबद्ध तरीके से पुराने पारंपरिक कोचों के बदले सुविधाजनक, आरामदायक और ज्यादा सुरक्षित नई तकनीक वाले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है ।



रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच काफी सुरक्षित भी है । वर्तमान समय की मांग पर अगर स्पीड की बात की जाए तो ये कोच सामान्य कोचों की अधिकतम गति 110-130 कि.मी. की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाईन की गई है । इन कोचों में सामान्य कोचों की तुलना में ज्यादा जगह होती है । आईसीएफ़ कोच की तुलना में एलएचबी कोच में बर्थ की संख्या भी अधिक होती है । इससे रेल यात्रियों को अधिक से अधिक बर्थ की सुविधा प्रदान करने में भी सहायता मिल रही है । एलएचबी कोच में हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है । वही दाएं बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है । इस सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये गाड़ी संख्या 12635/12536 लखनऊङ्करायपुर-लखनऊ गरीब रथ सुपर फास्ट एक्सप्रेस में पारंपरिक कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । साथ ही साथ इस गाड़ी में वर्तमान कोच 14 कोच से बढ़ाकर 20 कोच की सुविधा प्रदान की जा रही है । एलएचबी कोच की सुविधा 12535 लखनऊङ्करायपुर गरीब रथ सुपर फास्ट एक्सप्रेस में 19 अगस्त, 2024 से तथा 12536 रायपुर-लखनऊ गरीब रथ सुपर फास्ट एक्सप्रेस में 20 अगस्त, 2024 से उपलब्ध रहेगी । इससे रेल यात्रियों को बेहतर आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा मिलेगी ।


# जो आजादी के लिए नाखून भी नहीं कटवाए वो बटवारे का दर्द क्या समझेंगे- शैलेष

**बिलासपुर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व विधायक शैलेष पांडे ने कहा कि मोदी जी एक तरफ देश को भीतर से बाँट रहे है और दूसरी ओर विभाजन विभीषिका के माध्यम से मगरमच्छी आंसू बहा रहे है, बीजेपी के पूर्वज अंग्रेजों से मिले हुए थे और देश की आजादी में उनका कोई योगदान नहीं है। विभाजन विभीषिका बीजेपी के राजनीतिक एजेंडा है जनसरोकार का नही ! बीजेपी ने देश में धर्म और जाति के नाम पर देशवासियों को मन से खंड खंड कर दिया है और देश की अखंडता की बातें करने वाले आज देश में विभाजन विभीषिका से अपनी पार्टी का नया एजेंडा लाये है इसका जन सरोकार से कोई लेना देना नहीं है ये सिर्फ बीजेपी का राजनीतिक प्रपोगंडा है। आजादी के पूर्व बीजेपी के पूर्वज देश की स्वतंत्रता के लिए क्या किये है ये पूरा देश जनता है कि इनके पूर्वज अंग्रेजों के खबरी हुआ करते थे और उनसे मिले हुए थे। अंग्रेजों से लड़कर और संघर्षों के बाद ये आजादी मिला है लाखों लोगो ने अपनी जान कुर्बान किया और लाखों लहूलुहान हुए तब जाकर ये आज़ादी मिली है।



हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिनमे महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, सरदार पटेल, नौरोजी जी और अनगिनत देश के वीरों ने अपनी जान की कुर्बानी दिया और अंग्रेज़ी हुकूमत का अत्याचार सहन किया, तब जाकर अनेकों आंदोलनों के माध्यम से संघर्ष करते हुए आजादी पायी है। सत्ता के लालची आज देश को भीतर से अपनी स्वार्थ के कारण खंडित करना चाहते है, एक तरफ़ लोकतंत्र खतरे में डाल दिया है लोगो की रक्षा नहीं कर पा रहे है और देश महंगाई और ग़रीबी से परेशान है जिसको लेकर कोई बात नहीं होती है बस मुद्दों को भटकाने का काम बीजेपी पूरे देश में कर रही है, जिनके पुरखे गद्दार थे वो आज मगरमच्छ के आंसू बहा रहे है ।

# गरज चमक के साथ आज होगी बारिश



बिलासपुर,14 अगस्त (देशबन्धु)। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, उरई, सीधी, रांची, दीघा और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण बांग्लादेश और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल दिनांक 15 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की भी संभावना है । भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: चरम उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आज जूना बिलासपुर में

बिलासपुर,14 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम 15 अगस्त को किया जा रहा है जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि इसमें किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, आशा भोंसले के गाए हुए गीत को देशभक्ति गीत का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा ।

# उप मुख्यमंत्री ने डॉ. सरिता की लिखित 'छत्तीसगढ़ का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक इतिहास' पुस्तक का किया विमोचन

**बिलासपुर.** 14 अगस्त (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शिक्षिका डॉ. सरिता साहू द्वारा लिखित पुस्तक 'छत्तीसगढ़ का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक इतिहास' का विमोचन किया। उन्होंने रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में इसका विमोचन किया। वर्तमान में इतिहास लेखन की एक नई विधि मौखिक परंपरा से इतिहास लेखन की पद्धति से इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक इतिहास को लिपिबद्ध किया गया है।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि समाज की बेटी डॉ. सरिता साहू ने छत्तीसगढ़ के इतिहास पर कई किताबें लिखी हैं। इस तरह की प्रतिभाओं को प्रदेश और देश की प्रतिभा बनाने की महती जिम्मेदारी साहू समाज की है। विधायक सर्वश्री भोलाराम साहू, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, इंद्र कुमार साहू, रोहित साहू, संदीप साहू, मोती लाल साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू और उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी तथा अधिकारी-कर्मचारी पुस्तक के विमोचन के दौरान मौजूद थे। पेशे से शिक्षिका भिलाई की डॉ. सरिता साहू ने छत्तीसगढ़ के इतिहास के विविध पहलुओं पर अब तक कुल 14 किताबें लिखी हैं। ओड़ जाति की ऐतिहासिक और प्रचलित लोककथाओं पर आधारित उनकी पुस्तक 'ओड़ जाति की लोककथाएं' को दुर्ग स्थित शासकीय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की एम.ए.-हिन्दी और एम.ए.-छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम में संदर्भ पुस्तक के रूप में शामिल किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में डॉ. सरिता साहू को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाज गौरव सम्मान से भी सम्मानित किया।



## सार-संक्षेप

### अमृत सरोवर के तटों पर किया जाएगा ध्वजारोहण



कोरबा, 14 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी नरेगा से बनाए गए अमृत सरोवरों के तटों पर उत्साह पूर्वक तिरंगा फहराया जाएगा। पौधरोपण, तिरंगा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, सामूहिक परिचर्चा के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला पंचायत सीईओ के द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस की महत्ता, पर्यावरण संरक्षण, सतत् विकास आदि बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामूहिक परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी परिचर्चा आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### सड़क का सोल्डर खोद दिया, कार हुई हादसे का शिकार



कोरबा, 14 अगस्त (देशबन्धु)। निगम क्षेत्र में विभिन्न कार्यों से संबंधित चंद ठेकेदारों के द्वारा मनमानीपूर्वक कार्य किए जाने का खामियाजा शहर व क्षेत्रवासी भुगत रहे हैं। अभी सड़क को लेकर समस्या लोग झेल ही रहे हैं कि अच्छी-खासी सड़क के किनारों (सोल्डर) को भी खोद कर लोगों को परेशानी में डाला जा रहा है। ऐसे ही ठेकेदार की लापरवाही के कारण एक कार दुर्घटना का शिकार हो गई। भरी बरसात में बालको रोड, चेक पोस्ट के पास बनी हुई अच्छी-खासी सड़क की सोल्डर को खोद कर बिजली खंभे का केबल बिछाया जा रहा है। इससे गंभीर हादसा होने के साथ सड़क को नुकसान होने की संभावना को देखते हुए कुछ दिन पहले ही रोड के ठेका कंपनी द्वारा नगर निगम आयुक्त को पत्र के माध्यम से सूचना भी दी गई थी। बाजवजूद गंभीरता नहीं दिखाई गई। आज सुबह एक इनोवा कार इस लापरवाही का शिकार हो गई, गनीमत थी कि कार स्पीड में नहीं थी और चालक की सूझबूझ से गंभीर हादसा टल गया। चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

### आंगनबाड़ी केंद्रों मे तिरंगा पोषण चौपाल लगाया गया



कोरबा, 14 अगस्त (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक-56 के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो मे पोषण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को पोषण से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी दी गई। तिरंगा सलाद और तिरंगा अनाज के बारे में विशेष रूप से बताया गया। मौसमी बीमारियों एवं स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम सेक्टर सुपरवाइजर सुषमा साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा कश्यप, यशोदा मरकाम, संतोषी कंवर, उषा चौहान, प्रमिला यादव, बसंती कंवर, बद्रिका कर्ष, मितानीन संजू लाठिया, आंगनबाड़ी के हितग्राही महिलाएं व बच्चे और महिला समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

### आर्यावर्त ब्राह्मण महिला मंडल की ज्योति बनी सावन क्वीन



कोरबा, 14 अगस्त (देशबन्धु)। आर्यावर्त ब्राह्मण महिला मंडल ने सावन उत्सव का आयोजन किया जिसमें ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीमती आरती तिवारी, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती अंजना दुबे, श्रीमती शांभवी द्विवेदी, श्रीमती संध्या द्विवेदी ने प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीमती अनिता द्विवेदी, श्रीमती शील तिवारी, श्रीमती अनुराधा दुबे, श्रीमती आशा शर्मा, श्रीमती व्यंजना तिवारी, श्रीमती मिथलेश नायक एवं रुचिका कल्ला ने प्रस्तुति दी। संरक्षक श्रीमती रेखा त्रिपाठी, अध्यक्ष श्रीमती गायत्री नायक ने समाज में एकजुट रहने का संदेश दिया। सावन क्वीन के लिए सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में ज्योति शर्मा को सावन सुंदरी का खिताब दिया गया, द्वितीय पुरस्कार संध्या द्विवेदी, तृतीय पुरस्कार अनुराधा दुबे को दिया गया। इस अवसर पर श्रीमती शोभना परसाई, श्रीमती शील तिवारी, श्रीमती व्यंजना तिवारी, श्रीमती आभा जोशी, श्रीमती गंगा कल्ला, श्रीमती सुशीला दुबे, श्रीमती कुसुम शर्मा, श्रीमती अंजना दुबे, श्रीमती आरती तिवारी, श्रीमती आशा शर्मा, श्रीमती अनीता द्विवेदी, श्रीमती मिथलेश नायक, श्रीमती सर्वेश मिश्रा, सुश्री रुचिका कल्ला सहित सभी ने लुत्फ उठाया।

# सुराकछार खदान में बंधक बना कर लूटपाट, चपरासी के घर से 5.73 लाख की चोरी

## जिले के विभिन्न इलाकों में चोरी की कई वारदातें

कोरबा, 14 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अज्ञात वारदातियों के द्वारा लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देने के अलग-अलग मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी किया जा रहा है। एसईसीएल के सुराकछार मेन माइंस में आधी रात बंधक बनाकर लूटपाट व चोरी को अंजाम दिया गया।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल सुराकछार बल्गी उपक्षेत्र के सुराकछार मेन माइंस में 12-13 अगस्त की मध्य रात्रि कांटाघर क्रमांक-2 व 3 की सुरक्षा में चौकीदार तैनात था। रात करीब 2:30 बजे 3 से 4 की संख्या में अज्ञात लोग वहां पहुंचे और जनरल मजदूर-कैटेगरी-1 पुरेन्द्र कुमार मन्नेवार 30 वर्ष निवासी एसबीएस कालोनी कोरबा को बंधक बना लिया। एक चोर ने हेक्सा ब्लेड से हाथ-पैरा काटने की धमकी देते हुए सिर पर वार किया और पैर को काटने का उपक्रम करने लगा। उसके अन्य साथी कांटाघर क्रमांक-3 में घुसकर वहां रखे सामानों की चोरी कर लिए और पुरेन्द्र का सिम लगा मोबाइल भी जाते-जाते छीन कर ले गए। रात्रि गश्त के दौरान त्रिपुरा स्टेट रायफल्स के 2 जवान और वाहन चालक पहुंचे तब जाकर पुरेन्द्र बंधकमुक्त हो सका। चोरी किए गए और छीने गए मोबाइल तथा एलईडी, कैमरा व अन्य सामानों को तोड़-फोड़ कर कुल 70 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पुरेन्द्र की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 127 (2), 3 (5), 309 (4), 309 (6), 324 (2) व 331 (6) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

### चपरासी के घर से 5 लाख 73 हजार की चोरी




जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश राम चौधरी करतला के शिक्षा विभाग के शासकीय क्वार्टर में निवासरत रहकर मिडिल स्कूल ग्राम कोई में चपरासी कार्यरत है। 11 अगस्त को पत्नी जमुना बाई व स्वयं का उपचार कराने के लिए कोरबा आया था। इलाज के सिलसिले में बेटी पूनम के घर रुके थे व 13 अगस्त को शाम 4:30 बजे करतला स्थित विभागीय आवास गया तो दरवाजे के सिटकिनी में लगा ताला, कब्जा गायब था। खुला दरवाजा खोलकर भीतर जाने से दीवान में लगा ताला खुला मिला और इसमें रखे 9 प्रकार के सोने-चांदी के जेवरात, थाली, लोटा व नगदी 20 हजार रुपए कुल 5 लाख 73 हजार 162 रुपए की चोरी हो चुकी थी। महेश राम की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 305 (ए), 331 (2) के तहत जुर्म दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### डीजे संचालक को 2 लाख की चपत

करतला थाना अंतर्गत रामपुर निवासी मुकेश पटेल डीजे का संचालक है। उसने ग्राम कुदमुरा में माखन सिंह राठिया की दुकान किराए पर लिया है। 24 जुलाई को अपने दोस्तों व बुआ के साथ बाबा धाम दर्शन करने रवाना हुआ। इससे पहले किराये की दुकान से डीजे का पूरा सामान घर में लाकर रख दिया था। 2 अगस्त को शुभम कंवर ने दुकान का ताला टूटने और चोरी की जानकारी दी। 3 अगस्त को मुकेश वापस लौटा तो पाया कि दुकान में रखे करीब 2 लाख रुपए कीमती डीजे के अलग-अलग सामानों की चोरी कर ली गई। अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 305 ए, 331 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### नर्स के घर से 80 हजार के जेवर गायब

अन्य वारदात में सिविल लाइन थाना अंतर्गत सीएसईबी कालोनी एन-147 में निवासरत नर्स जानकी महंत के घर से 12 अगस्त की रात 80 हजार रुपए कीमती गहनों की चोरी आलमारी से कर ली गई। 13 अगस्त को सुबह 9:30 बजे उसे इसका पता चला। कुमारी जानकी महंत ने अपने भतीजा शिवम महंत पर संदेह जाहिर करते हुए रिपोर्ट लिखाई है कि 9 से 12 अगस्त तक वह घर पर था। रायगढ़ जिले के छाल का निवासी भतीजा शिवम महंत 12 अगस्त को ड्यूटी से आने के बाद दोपहर 2:30 बजे से घर पर नहीं है और उसके पास एक चाबी था, जिसे लेकर चला गया है। 12 अगस्त से उसका फोन लगातार बंद बता रहा है। संदेही शिवम महंत के विरुद्ध धारा 305 (ए) के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### सीआईएसएफ जवान और किसान के घर से चोरी

दर्री थाना अंतर्गत फायर कालोनी ए-128 में निवासरत नामदेव भुमरकर 43 वर्ष कोरबा सुपर थर्मल पॉवर प्लांट मुख्यालय में सीआईएसएफ में कार्यरत है। वह चुनाव ड्यूटी में पश्चिम बंगाल गया था। पत्नी और बच्चे 22 अप्रैल को घर में ताला लगाकर मायके चले गए थे। 8 जून को नामदेव को विभागीय सूचना मिली कि घर में चोरी हो गई है। 25 हजार रुपए के सामान यहां से पार कर दिए गए। इसी तरह बांगो थाना अंतर्गत ग्राम सलिहाभांठा निवासी किसान रायसिंह अपने परिवार के साथ 13 अगस्त को सुबह 9 बजे रोपा लगाने के लिए खेत गया हुआ था। दोपहर 2 बजे भाई जितेन्द्र ने बताया कि घर का ताला टूटा है। देखने पर 18 हजार रुपए नगद सहित 21 हजार की चोरी का पता चला।

# स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में श्रम मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

## विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

कोरबा, 14 अगस्त (देशबन्धु)। ऊर्जाधानी में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। आजादी का जश्न मनाने का उत्साह बच्चों से लेकर बूढ़ों तक में देखा जा रहा है। ऊर्जाधानी की सड़कों से लेकर दुकानों में तिरंगा झंडा, तोरण से लेकर तिरंगा ड्रेस व अन्य सामाग्रियों की खूब बिक्री हो रही है। लोग इन सामाग्रियों को क्रय कर कहीं न कहीं अपनी देशभक्ति का जज्बा 15 अगस्त को प्रदर्शित करने उतावले हैं। जिले के समस्त शासकीय संस्थानों को विद्युत बल्बों से सुसज्जित किया गया है।

जिला स्तरीय मुख्य समारोह सीएसईबी कोरबा पूर्व के फुटबॉल ग्राउण्ड में आयोजित होगा। इसके लिए कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन व देखरेख में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। राष्ट्रगान के पश्चात परेड कमांडर रिपोर्टिंग करेंगे।

मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण उपरांत मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। अनेकता में एकता के प्रतीक रंगीन गुब्बारे मुक्त गगन में छोड़े जाएंगे। हर्ष फायर के पश्चात भारत माता की जयकार होगी। मार्च पास्ट एवं परेड का निष्क्रमण के पश्चात शहीदों के परिजनों का सम्मान एवं फोटो सेशन होगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन व कार्य करने वालों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। आभार प्रदर्शन के पश्चात प्रात: 10:45 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

### 4 टीआई सहित 21 पुलिस कर्मी किए जाएंगे पुरस्कृत



स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में पुलिस विभाग के 4 टीआई, 4 एएसआई सहित 21 पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकरणों में उत्कृष्ट कार्य करने के कारण मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में पाली टीआई चमन सिन्हा, सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डड़सेना, नगर कोतवाल एमबी पटेल और उरगा टीआई केके वर्मा के 4 एएसआई सहित 21 कर्मियों का नाम शामिल है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 कर्मियों को सम्मानित करने सूची जारी किया है। जारी सूची में पाली टीआई चमन सिन्हा, सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डड़सेना, नगर कोतवाल एमबी पटेल, उरगा टीआई केके वर्मा, साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी, सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी, जितेंद्र यादव, गुना राम सिन्हा, सहित 21 कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान सूची में नाम होने से इन अधिकारियों और कर्मियों में हर्ष व्याप्त है।

### मंत्री लखन देवांगन ने दी बधाई



श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने आजादी की 77वीं वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को बधाई प्रेषित कर कहा है कि पुरखों के कठिन संघर्ष, त्याग और बलिदान से हमें आजादी मिली है। आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले उन सभी अनाम योद्धाओं, शहीदों और वीर जवानों को नमन है, जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया। उनकी बदौलत हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। आजादी के वास्तविक मायने और मूल्यों को समझने के लिए हमें इतिहास का संजीदगी से पुनरावलोकन करना होगा। हमारे पूर्वजों के कठिन परिश्रम और दूरदृष्टि का परिणाम है कि अनेक चुनौतियों के बावजूद भारत आज पूरे विश्व में सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

### नेता प्रतिपक्ष व सांसद ने दी शुभकामनाएं



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने स्वतंत्रता दिवस की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। इन्होंने कहा है कि भारत की आजादी में अनेक वीरों का अहम योगदान रहा है। भारत का स्वतंत्रता दिवस न केवल ब्रिटिश राज के शासन से भारत की आजादी को दर्शाता है, बल्कि देश की एकता,अखंडता, शक्ति को भी दर्शाता है। वर्षों तक अंग्रेज़ों के द्वारा गुलामी झेलने के बाद 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आज़ाद हुआ था। भारत के स्वतंत्रता संग्राम ने दुनिया को प्रेरित किया है क्योंकि यह दुनिया में सबसे अहिंसक अभियान था। स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने वाले बलिदानियों को न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में श्रद्धा के साथ याद किया जाता है। नेता प्रतिपक्ष व सांसद ने कहा कि आजादी का पर्व आपसी प्रेम व भाई-चारे के साथ मनाएं।

### महापौर-सभापति ने दी शुभकामनाएं



महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई ने नागरिक बंधुओं को स्वतंत्रता दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भी अपनी शुभकामनाएं जिला व प्रदेशवासियों को प्रेषित की है।

### अखंड ब्राह्मण समाज ने मनाया सावन उत्सव, कीर्ति क्वीन चुनी गईं

कोरबा, 14 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने सावन उत्सव मनाया। कार्यक्रम में तीन पीढ़ियों ने साथ निभाया। सिर्फ 3 वर्ष के शाश्वत मिश्रा ने मत्रों का उच्चारण कर सब का मन मोह लिया। गेम्स हाउजी और रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। सावन क्वीन के चुनाव के लिए तीन जज आमंत्रित किए गए थे। मंजू सिंह (पूर्व एल्डरमेन नगर निगम), श्वेता सिंह (कोरबा जेलर की धर्मपत्नी) और बार कॉउंसिल अध्यक्ष संजय जायसवाल की धर्मपत्नी कीर्ति जायसवाल (क्ले आर्टिस्ट) उपस्थित रहीं। इन्होंने भारतीय संस्कृति परंपरा के आधार पर सावन सुंदरी का चुनाव किया। प्रथम स्थान कीर्ति पांडे, द्वितीय हेमा शर्मा और तृतीय स्थान शिवानी मिश्रा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय प्रांतीय महासचिव रश्मि शर्मा ने समाज से जुड़े हर एक के सहयोग को दिया।

# मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 20 अगस्त से

## 29 अक्टूबर को निर्वाचन नामावली का प्रारम्भिक प्रकाशन

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

कोरबा, 14 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम जारी किया गया है। 20 अगस्त से बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। 29 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा एवं 6 जनवरी 2025 को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे ने बताया कि आगामी 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक मतदाता सूची ईपीक कार्ड में विसंगतियों को दूर किया जाएगा। जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का आग्रह किया है। 20 अगस्त से बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। धुंधली तस्वीरों को हटाकर गुणवत्ता वाली तस्वीर सुनिश्चित करते हुए फोटो गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। इसके साथ ही खराब गुणवत्ता और विशिष्टताओं के अनुरूप न होने पर जहां भी आवश्यक हो गैर मानवीय छवियों में सुधार किया जाएगा। अनुभाग/भागों का पुनर्गठन तथा अनुभाग/भाग सीमाओं के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप दिया जाएगा। मतदान केंद्रों का स्थान व मतदान केंद्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। अंतराल की पहचान करना और ऐसे अंतराल को समाप्त करने के लिए रणनीति और समय-सीमा निर्धारित की जाएगी। इसके साथ ही नियंत्रण सूची का अद्यतनीकरण भी किया जाएगा।

### नवंबर माह में विशेष अभियान

पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत 29 अक्टूबर को एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक दावे एवं आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी। 09, 10, 16 एवं 17 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। 24 दिसंबर को दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 01 जनवरी 2025 को निर्धारित मापदण्डों की जांच करने और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग से अनुमति प्राप्त की जाएगी। इसके साथ ही डेटाबेस को अद्यतन करना तथा पूरक सामग्री की प्रिंटिंग की जाएगी।

### 1500 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों का युक्तिकरण

मतदान केंद्रो के युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिन मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है ऐसे मतदान केंद्रों में उसी परिसर में अनुभागवार मतदाताओं को स्थानांतरित कर समायोजित किया जाएगा। साथ ही उसी परिसर में व्यवस्था नहीं होने की स्थिति में नया मतदान केंद्र बनाया जाएगा। अनुभागों के युक्तियुक्तकरण अधिकतम संभव सीमा तक निकटवर्ती मतदान केंद्र में करने के पश्चात् ही नए मतदान केंद्रों का निर्माण किया जाएगा।

# शालाओं का युक्तियुक्तकरण पूरी पारदर्शिता और समय सीमा में पूरा करें

## एकरूपता से जिले के सभी ब्लॉक में प्रक्रिया को पूर्ण कराएं : कलेक्टर



कोरबा, 14 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में संचालित शालाओं को युक्तियुक्तकरण किए जाने के संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता एवं समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शालाओं के युक्तियुक्तकरण में राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों का पूर्णत: पालन होना चाहिए। युक्तियुक्त करण हेतु जिला स्तरीय एवं खण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित समय सीमा में निर्विवाद रूप से पूरी होनी चाहिए। इस हेतु विभागीय अधिकारी पूरी सावधानी से बिना किसी गलती के संभावना के युक्तियुक्त करण हेतु शाला एवं शिक्षकों की सूची तैयार करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रक्रिया को पूरा कराने हेतु जिले के सभी ब्लॉक में सिंगल क्राइटेरिया का पालन होना चाहिए। खण्ड स्तरीय समिति के काम करने का तरीके में किसी भी दशा में भिन्नता नहीं होनी चाहिए। किसी भी ब्लॉक से प्रक्रिया के सम्बंध में किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। कोई भी ऐसा काम नहीं होना चाहिए जिससे शिक्षकों को आपत्ति हो। सभी बीईओ शासन के जारी गाइड लाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रक्रिया के पूर्ण होने से शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी की समस्या लगभग खत्म हो जायेगी। बच्चों के अध्यापन हेतु सभी विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होंगे। जिले में 31 जुलाई 2024 तक शालाओं में दर्ज बच्चों की संख्या को आधार मानकर विद्यालयों की सूची तैयार करें, साथ ही जिले में अतिशेष शिक्षको की संख्या, शिक्षक विहीन शाला, एकल शिक्षक वाले विद्यालय की सूची भी समय सीमा में समिति को प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने खण्ड स्तरीय समिति में शामिल एसडीएम एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को शिक्षा विभाग को पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए।

# चैनपुर में उल्टी-दस्त कलेक्टर ने किया औचक दौरा, पीएचई की टीम ले रही वाटर सैंपल, स्वास्थ्य टीम घर घर जाकर कर रही सर्वे

## गांव में लगाया गया स्पेशल हेल्थ कैम्प, ग्रामीणों को स्वच्छता बरतने और बीमारियों के बचने के उपायों पर किया जा रहा जागरूक

### चैनपुर आंगनबाड़ी से बच्चे अनुपस्थित, सहायिका कार्यकर्ता को हटाने और माध्यमिक शाला से शिक्षक के अकारण अनुपस्थित रहने पर निलंबित करने की कार्रवाई करने के निर्देश





**अम्बिकापुर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने बुधवार को उदयपुर के चैनपुर ग्राम का औचक दौरा किया। चैनपुर में 10 से ज्यादा व्यक्ति उल्टी दस्त से पीड़ित पाए गए हैं जिस पर एक्शन लेते हुए कलेक्टर के निर्देशानुसार ग्राम में निःशुल्क हेल्थ कैंप लगाया गया है और लोगों की जांच कर परामर्श एवं आवश्यकता अनुसार दवाइयां दी जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 15 मरीज पाए गए हैं जिनमें से 03 मरीज जिला चिकित्सालय, 05 मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर और 07 मरीज घर पर ही दवाइयां लेकर रिकवर कर रहे हैं। अब तक उल्टी एवं दस्त का कारण पूर्णतः स्पष्ट नहीं हो पाया है क्योंकि मरीजों द्वारा ताजा भोजन खाने एवं पीने हेतु बोरवेल के पानी का उपयोग करने की जानकारी दी गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव में पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं। टीम द्वारा 32 सार्वजनिक और निजी हैंडपंप स्त्रोतों के सैंपल लिए जा रहे हैं। 24 घंटे में इसका परिणाम प्राप्त हो सकेगा। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 13 अगस्त 2024 को उदयपुर विकासखण्ड के ग्राम चैनपुर में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों के उल्टी-दस्त से पीड़ित होने की सूचना दी गई। सूचना के आधार पर तत्काल विकासखण्ड रैपिड रिस्पॉन्स दल को सक्रिय किया गया जिसमें सहायक चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, ए.एन.एम एवं मितानिन समन्वयक शामिल हैं। पीड़ित पाए गए मरीजों का उपचार जारी है। सभी मरीज अलग-अलग घरों से हैं। गांव में निःशुल्क हेल्थ कैंप जारी है और लोगों को स्वच्छता तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए उपायों की जानकारी दी जा रही है। हेल्थ टीम द्वारा घर घर जाकर के सदस्यों की जानकारी ली जा रही है और पेट दर्द एवं कमजोरी की शिकायत होने पर दवाइयां भी दी जा रही है। चैनपुर आंगनबाड़ी से बच्चे अनुपस्थित, सहायिका कार्यकर्ता को हटाने और माध्यमिक शाला से शिक्षक के अकारण अनुपस्थित रहने पर निलंबित करने की कार्यवाही करने के निर्देश

औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चैनपुर स्थित आंगनबाड़ी का भी निरीक्षण किया जहां आंगनबाड़ी में बच्चों को अनुपस्थित देख नाराजगी जाहिर की ओर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को हटाए जाने की कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह उन्होंने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चैनपुर के निरीक्षण पर शिक्षक के बिना कारण के अनुपस्थित रहने पर तत्काल निलंबित किए जाने की कार्यवाही के निर्देश दिए।

# सार-संक्षेप

## आजादी के जश्न में हुआ स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन



**बलरामपुर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय बलरामपुर में 14 अगस्त को प्रातः 7.00 बजे स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व आयोजित इस दौड़ में जनपद उपाध्यक्ष श्री भानू प्रकाश दीक्षित, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल व जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं सहित नगर के सभी वर्ग के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने हरी झण्डी दिखाई। स्वतंत्रता दौड़ कलेक्टर निवास (पुराना बस स्टैण्ड) से शुरू हुआ और नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान में सम्पन्न हुआ।

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री भानुप्रकाश दीक्षित ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कई स्वतंत्रता सेनानी की शहादत की वजह से देश आजाद हुआ है, तब से हम स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। यह दौड़ हमें याद दिलाती है कि स्वतंत्रता के पूर्व सभी वर्ग के लोगों का अपने-अपने क्षेत्र में योगदान रहा तथा इसी योगदान के बदौलत हमें आजादी प्राप्त हुई है। उस क्षण को याद करने के लिए प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस के एक दिवस पूर्व स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाता है। हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है। जहां राष्ट्रीय त्योहारों में कोई जाति-पाति का भेदभाव नहीं है। कोई भी व्यक्ति राष्ट्रीय हित के लिए हमेशा तैयार है। जिलों से लेकर पंचायत स्तर तक स्वतंत्रता दिवस में बड़े ही शान से तिरंगा फहराया जाता है। उन्होंने कहा कि हमको जब भी अवसर मिले राष्ट्र के हित में अपना सहयोग अवश्य करना चाहिए।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने स्वतंत्रता दौड़ में शामिल सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में हर वर्ग के लोग भाग लेते हैं और इससे आपस में प्रेमभाव बना रहता है। उन्होंने कहा कि इस स्वतंत्रता दौड़ में बच्चे बड़े उत्साह से प्रतिभागी बने, इसी प्रकार अपने जीवन के हर कार्यों को भी इसी उत्साह के साथ पूरा करें। कलेक्टर ने हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सभी से अपनी सहभागिता दिखाने की बात कहते हुए स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी।

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किये गये प्रयासो को साझा किया। उन्होंने कहा कि हमारा भारत देश राष्ट्र भूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देने वालों की भूमि रही है। हमें भी उनके विचार एवं कार्यों से सीख लेनी चाहिए। स्वतंत्रता दौड़ में सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर गणमान्य नागरिका श्री दिलीप सोनी, श्री ओमप्रकाश सोनी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर श्री अमित श्रीवास्तव, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और आम नागरिक मौजूद रहे।

## कालेज के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर हर घर तिरंगा का किया आह्वान



**बलरामपुर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर व शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर प्राचार्य श्री एन.के. देवांगन के नेतृत्व में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी व छात्र/छात्राओं द्वारा नारा एवं स्लोगन का उद्घोष करते हुए हाथों में तिरंगा लेकर शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर परिसर से प्रारंभ करते हुए जिला चिकित्सालय चौक, मिशन चौक, चांदो चौक, शहीद पार्क में राष्ट्रीय ध्वज लहराकर वीर शहीदों को श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन ने छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्र के नैतिक मूल्य व वीर शहीदों के बलिदान से अवगत कराते हुए हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। यह रैली मुख्य नगर से होते हुए पुनः शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर परिसर पहुंची। इस रैली के माध्यम से लोगों को हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा हेतु जागरूक किया गया। साथ ही देश की एकता व अखण्डता को अक्षुण्ण रखने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी हर घर तिरंगा झण्डा कार्यक्रम के तहत् ग्रामीणों द्वारा झण्डा लहराकर घरों में झण्डा फहराने व देश के प्रति भक्ति भावना तथा समर्पण और लगाव की भावना को प्रकट करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राध्यापक श्री एन. के. सिंह, श्री अगस्टिन कुजूर, डॉ. अर्चना गुप्ता, श्री ओम शरण शर्मा, श्री ब्लासियुस एक्का, श्री अमरदीप एक्का, श्री योगेश कुमार राठौर, डॉ. अश्वनी कुमार विश्वकर्मा, डॉ. वैभव कुमार, श्री गिरवर प्रसाद कोरी, श्री ह्दयनाथ विश्वकर्मा सहित समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुए।

## रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र/अपात्र की सूची जारी

**बलरामपुर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत सिंह ने बताया है की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन विभिन्न बैंक लॉग एवं नवीन रिक्त पदों के भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें कार्यक्रम प्रबंधक, ए.एन.एम., चिकित्सा अधिकारी, क्लीनर, ओ.टी. टेक्निशियन, स्टाफ नर्स, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर संगवारी, फिजियोथेरापिस्ट, आया बाई, सचिविक सहायक (टीकाकरण), सिक्योरिटी गार्ड, लैब टेक्निशियन, लैब टेक्निशियन, प्रोग्राम एसोसिएट, टेक्निकल असिस्टेंट हियरिंग इंपेयर्ड चिल्ड्रन, नर्सिंग ऑफिसर, डेंटल सर्जन, स्टाफ नर्स, स्टाफ नर्स, नर्सिंग ऑफिसर, कनिष्ठ सचिविक सहायक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, लैब सुपरवाईजर, नर्सिंग ऑफिसर, सचिविक सहायक, ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट, आयुष चिकित्सा अधिकारी, लैब असिस्टेंट, ऑडियोलॉजिस्ट, काउंसलर, स्टाफ नर्स, पुरुष कार्यकर्ता, कनिष्ठ सचिविक सहायक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पदों की भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की पंजीयन सह पात्र/अपात्र की सूची तैयार कर ली गई है। पात्र/अपात्र सूची का अवलोकन वेबसाईट बलरामपुर जीओवी इन एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल किया जा सकता है। यदि किसी अभ्यर्थी को उक्त पात्र/अपात्र सूची में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर, में 29 अगस्त 2024 तक कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपना दावा आपत्ति निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले कोई भी दावा-आपत्ति अभ्यावेदन मान्य नहीं होगें।

# तिरंगा पूर्वजों के बलिदान और भविष्य की नींव सशक्त बनाने का प्रतीक- कलेक्टर

### कलेक्टर संग अधिकारियों और स्कूली बच्चों ने लगाई स्वतंत्रता दौड़

### हर घर तिरंगा की ली शपथ, हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया



**रायगढ़,,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने स्वतंत्रता दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टोरेट परिसर से प्रारंभ हुई स्वतंत्रता दौड़, डिग्री कॉलेज से रोज गार्डन होते हुए शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में समाप्त हुई।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह राष्ट्रीय पर्व हमें याद दिलाता है कि हमारे पूर्वजों ने इस आजादी के लिए कितनी कुर्बानियां दी हैं। तिरंगा झंडा उनके बलिदान के प्रति कृतज्ञता और हमारी एकजुटता का प्रतीक है। हमारे पुरखों के लंबे संघर्ष के बाद हमे स्वतंत्रता मिली है, जो उन्होंने विरासत के रूप में हमें सौंपी है। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस पर्व पर संकल्प करें कि स्वतंत्रता के मूल्यों को समझते हुए हम देश को आगे ले जाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। इसके लिए जरूरी है आप सभी खूब मन लगाकर पढ़ें और अपनी नींव मजबूत बनाएं। जिस भी क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं उसमें पूरे लगन से मेहनत करें। आपके योगदानों से ही देश की विश्वपटल में पहचान बनेगी। इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, पार्षद श्री पंकज कंकरवाल, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री अमित मरकाम, डीपीओ श्री एल.आर.कच्छप सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया।

### हर घर तिरंगा अभियान की ली शपथ, हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को हर घर तिरंगा अभियान की शपथ दिलाई।

## राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया नियंत्रण हेतु टीएएस प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

अम्बिकापुर, 14 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में फाइलेरिया अथवा हाथी पांव बीमारी से बचाव और नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.एन. गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को फाइलेरिया के लिए संचरण मूल्यांकन सर्वेक्षण टीएएस प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभाकक्ष में किया गया। जिसमें जिले के सभी विकासखण्ड के चिरायु के दल चिकित्सकों, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, फार्मासिस्ट, पर्यवेक्षक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से जिले के सभी चिरायु दलों के द्वारा निर्धारित तिथि में चिन्हित स्कूलों में जाकर कक्षा पहली और दूसरी के सभी विद्यार्थियों का खून जांच किया जायेगा। प्रशिक्षण में डब्ल्यू एच ओ की जोनल समन्वयक डॉ स्नेहाश्री साधनाला के द्वारा फाइलेरिया के फैलाव, जांच की विधि और इसके इलाज के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस दौरान बताया गया कि सरगुजा जिले में लगभग 5364 बच्चों की जांच टीएएस के अंतर्गत किया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता के द्वारा बताया गया कि फाइलेरिया एक संक्रामक बीमारी है जो कि मादा क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है। इस बीमारी में व्यक्ति के पैर में सूजन हो जाने पर हाथी पैर की तरह हो जाते है, इस कारण से इसे हाथी पांव कहते है। संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को यह मच्छर काटता है। तो उसमें एक साल बाद इस बीमारी के लक्षण दिखाई देते है। मुख्यतः हाथी पांव बीमारी के परजीवी शरीर के लिम्फ नोड्स लिम्फ वाहिकाओं का प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि शर्म या संकोच न करते हुए अंडकोष में सूजन, पैरों में सूजन होने पर नजदीकी अस्पताल जाकर इसकी जाँच अवश्य कराना चाहिए।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु समय-सारणी जारी

**कोरिया,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची के संबंध में वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आयोजित किया जाता है। इस वर्ष के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का समय-सारणी आयोग द्वारा जारी कर दिया गया है। पूरी प्रक्रिया 20 अगस्त 2024 से प्रारंभ होकर 06 अप्रैल 2025 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ समाप्त होगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे मतदाता जो 01 जनवरी 2025 के सापेक्ष अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण कर रहे है मतदाता सूची में नाम जोडने हेतु दावापत्ति 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक कर सकते है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब अर्हता तिथि 1 जनवरी के साथ 1 अप्रैल 1 जुलाई व 1 अक्टूबर को भी 18 वर्ष पूर्ण होने वाले नागरिक मतदाता पंजीयन हेतु अग्रिम आवेदन कर सकते है। उल्लेखित है, कि वर्तमान में कोरिया जिले अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 बैकुण्ठपुर के 228 मतदान केन्द्र एवं 01 भरतपुर-सोनहत के आंशिक 78 मतदान केन्द्र शामिल है। वर्तमान में कुल 207732 नागरिक मतदाता के रुप में पंजीकृत है जिनमें से 2893 दिव्यांग एवं 7 थर्ड जेंडर शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देष दिए है कि 20 अगस्त से सभी वूथ लेवल अधिकारी डोर-टू-डोर मतदाताओं का सत्यापन करेंगें एवं इस दौरान मतदाताओं व अन्य आवश्यकताओं को देखते हुए नये मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव किया जा सकेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी पात्र नागरिको एवं राजनैतिक दलों से आग्रह किया गया है कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने की प्रक्रिया में मतदाता सूची को शुद्ध करने हेतु अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत करायें।

# आजादी के जश्न से पहले कोरिया में दौड़ी सदभावना की लहर

### सद्भाव, सौहार्द्र, प्रेम, सहयोग और एकता को बढ़ावा देने सभी वर्गों ने लगाई दौड़



**बैकुंठपुर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व कोरिया जिले में सामुदायिक सद्भावना और एकता को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष दौड़ का आयोजन किया गया। बैकुंठपुर में आयोजित इस '*सद्भावना दौड* में जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दौड़ की शुरुआत सुबह 7:30 बजे शासकीय आदर्श रामानुज स्कूल के मिनी स्टेडियम से हुई और यह फव्वारा चौक होते हुए पुनः मिनी स्टेडियम पर समाप्त हुई। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सद्भाव, सौहार्द, प्रेम और एकता को बढ़ावा देना था।

कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दौड़ में भाग लेकर इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। कलेक्टर ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए देश की आजादी के महत्व को रेखांकित किया और सामुदायिक प्रेम और सहयोग से जिले को और भी विकसित बनाने की अपील की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों को देश की अखंडता, सुरक्षा, शांति और सद्भावना बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने कहा कि हमारा देश विभिन्न सांस्कृतिक विविधताओं से पूर्ण है। हमें अपना देश प्राणों से भी प्यारा है। इसकी समृद्ध एवं विविध संस्कृति पर हमें गर्व है। हम सदा इसके सुयोग्य अधिकारी बनने का प्रयत्न करते रहेंगे। हमें अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं गुरुजनों का सदा सम्मान और प्रत्येक के साथ विनीत रहेंगे। हम अपने देश और देशवासियों के प्रति सत्यनिष्ठा रहने की प्रतिज्ञा करते हैं। पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार ने भी आपसी भाईचारा और एकता को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं शहरवासियों ने भी दौड़ में शामिल प्रतिभागियों को पानी पिलाकर और विद्यार्थियों को चॉकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस प्रकार, स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले आयोजित यह कार्यक्रम जिले में सद्भाव और एकता का संदेश देने में सफल रहा।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## आईएएस सहित शासकीय अधिकारियों पर हमला करने वाले 4 आरोपियों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास

### अवैध उत्खनन की जांच के लिए पहुंचे थे अधिकारी

**रायगढ़,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करने गए आईएएस अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी सहित खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर जेसीबी से हमला करने के 4 आरोपियों को विशेष न्यायाधीश श्री जितेंद्र जैन ने आरोपियों को 10-10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

घटना 12 अप्रैल 2019 के रात 12.30 बजे की है, जब रायगढ़ के तत्कालीन सहायक कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, खनिज विभाग के अधिकारियों तत्कालीन उप संचालक खनिज श्री शिवशंकर नाग, खनिज निरीक्षक श्री राकेश वर्मा, घनश्याम दीवान व निलांबर यादव के साथ सारंगढ़ के टिमरलगा के आसपास अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायत मिलने पर जांच के लिए पहुंचे थे। आरोपियों द्वारा जांच के दौरान सहायक कलेक्टर सहित अन्य अफसरों के ऊपर जेसीबी चढ़ाने का प्रयास किया गया था, वहीं कार से भी कुचलने की भी कोशिश की गई थी।

इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 147,186 एवं धारा 149, 353, 341, 307 एवं अनुसूचित जाति एवं अनसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (वी) के तहत एफआईआर किया गया था।

इस मामले में विशेष न्यायधीश श्री जितेन्द्र कुमार जैन ने आरोपियों को 10-10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

साथ ही दस हजार रूपए जुर्माना भी लगाया है। जिसमें टिमरलगा निवासी आरोपी कन्हैया पटेल, हरिचरण पटेल, लोकनाथ पटेल, लालसाय निषाद को 10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं घटना में प्रयुक्त जेसीबी, मोटर साइकिल और कार को राजसात करने के आदेश दिए गए हैं।

## केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू पहुंचे कोरिया मिलेट्स कैफे

**कोरिया,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू ने आज जिले के प्रसिद्ध कोरिया मिलेट्स कैफे पहुंचकर स्वादिष्ट, सेहतमंद नाश्ते का स्वाद लिए।

श्री साहू को मिलेट्स मन्चूरियन, रागी चीला, कोदो खीर, कोदो उपमा व जवार का गुलाब जामुन परोसा गया। श्री साहू ने मिलेट्स कैफे में तैयार इस लजीज व्यंजन के बारे में कहा सचमुच यह दूरस्थ जिले में इस तरह का स्वादिष्ट व्यंजन तैयार होना बड़े शहरों के की याद दिला रहा है। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित इस कैफे के सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा कि साफ-सुथरा, सेहतमंद, स्वादिष्ट नास्ते से वे बहुत प्रसन्न हुए।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्री अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम उपस्थित थे।

# वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मिठाई दुकानों में की छापेमारी

### मिठाईओं का विधिक नमूना जब्त कर जांच हेतु भेजा गया

### खाद्य प्रयोगशाला



**कोरिया,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रक्षाबंधन त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री विनोद कुमार गुप्ता व टीम ने जिले के समस्त मिठाई दुकानों का सतत् एवं सघन निरीक्षण के साथ अपमिश्रित मिठाई विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में गुणवत्ताहीन एवं अपमिश्रित मिठाई विक्रय की शंका पर बाजारपारा, पटना के मे0 शैलेन्द्र स्वीट्स, से मिठाई-पेड़ा और नेपाल गेट, चरचा कॉलरी, के मे0 कृष्णा डेयरी, से भी मिठाई-पेड़ा का विधिक नमूना जब्त कर विश्लेषण (जांच) हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। रक्षाबंधन त्यौहार के नजदीक आते ही मिठाईयों की खपत बहुत बढ़ जाती है। जिससे गुणवत्ताहीन मिठाईयों की बिक्री की संभावना बढ़ जाती है। मिठाईयों की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने में सीमावर्ती राज्यों से मिलावटी/गुणवत्ताहीन खोवा, मावा, कुंदा इत्यादि की आपूर्ति की आशंका होती है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिठाई विक्रेताओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है। समस्त मिठाई दुकानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। अपमिश्रित मिठाई की शंका पर विधिक नमूना लिये जा रहे हैं। खाद्य प्रयोगषाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जावेगी।

## सार-संक्षेप

### हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई तिरंगा रैली



अकलतरा, 14 अगस्त (देशबन्धु)। राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली गई। शाला के प्राचार्य आरके विश्वकर्मा द्वारा तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा, हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा, भारत माता की जयघोष के साथ नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए जन मानस को देश प्रेम का संदेश देते हुए वापस शाला परिसर में समाप्त हुई।

रैली में अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन,सहसचिव पंकज दोशी,आय व्यय निरीक्षक विकास केडिया,सदस्य अविनाश लाटा,थाना प्रभारी अकलतरा मणिकांत पांडे को तिरंगा प्रदान किया गया। इस रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा यादव एवं आरके पांडे,राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिकारी मो. जफरुल्लाह, स्काउट एवं गाइड प्रभारी मधुसूदन केवट, श्रीमती देवकी वैष्णव के नेतृत्व में यूनिट के छात्र छात्राओ तथा शाला के समस्त छात्र छात्राओं ने भाग लिया। रैली में शाला के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### अमृत सरोवर तटों पर स्वतंत्रता दिवस पर होगा ध्वजारोहण



जांजगीर, 14 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी के पर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से निर्मित अमृत सरोवरों के तट पर उल्लासपूर्वक तिरंगा फहराया जाएगा। इसके साथ ही पौधरोपण, तिरंगा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, सामूहिक परिचर्चा के साथ विविध आयोजन किए जाएंगे। आयोजन को लेकर जनपद पंचायत सीईओ को दिशा निर्देश दिए गए है। आजादी के पर्व को इस उत्सव को सार्थक बनाने के लिए जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के ग्रामीण, स्कूल, कालेज के छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह और स्थानीय कर्मचारियों आदि सहित सभी हितग्राहियों को शामिल किए जाने के निर्देश दिए है।

### 15 लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 14 अगस्त (देशबन्धु)। 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को सारागांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर आरोपी संतोष कुमार सूर्यवंशी के कब्जे से अलग अलग पन्नी में रखे कुल 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 1,800 रुपए को बरामद किया गया है, आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से विधिवत कार्यवाही कर, आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर दिनांक 14.08.24 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरी. सावन कुमार सारथी थाना प्रभारी सारागाव, प्रधान आरक्षक राजेश कोसले का योगदान रहा।

### 15 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर लिया गया 7,900 रू शुल्क



जांजगीर, 14 अगस्त (देशबन्धु)। शराब पीकर वाहन चलाने वाले एवं यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। वाहन चेकिंग के दौरान 15 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही कर वाहन चालकों से 7,900 रू का समन शुल्क लिया गया।

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। वाहन चेकिंग के दौरान 02 व्यक्ति के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने पाए जाने पर, वाहन को जप्त किया जाकर वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, मोटर सायकल में तीन सवारी, वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना, बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना एवं अलग-अलग धाराओं के तहत वाहन चालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

# सामाजिक सदभावना एवं एकता का संदेश देने स्वतंत्रता दौड़ का हुआ आयोजन

## तिरंगा झंडा लेकर कलेक्टर, एसपी सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों गणमान्य नागरिक, युवा, स्कूली बच्चों ने लगाई दौड़,हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा के नारों से गूंजा शहर

**जांजगीर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग जांजगीर-चांपा के तत्वावधान में 14 अगस्त को सद्भावना एवं एकता का संदेश देने के लिए स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने स्वतंत्रता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



दौड़ हाई स्कूल मैदान प्रारंभ होकर से कचहरी चौक जांजगीर से होते हुए वापस हाई स्कूल जांजगीर में समाप्त हुआ। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारियों, गणमान्य नागरिक, युवा, स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर उत्साह के साथ स्वतंत्रता दौड़ लगाई। स्वतंत्रता दौड़ के दौरान जय हिन्द, वंदे मातरम्, भारत माता की जय एवं हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा के नारो के जयघोष से जांजगीर शहर गूंजायमान हो गया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि जिस प्रकार आज के दौड़ में सभी ने उत्साह दिखाया है उसी प्रकार सभी के जीवन मे भी उत्साह, उमंग व भाईचारा बना रहे एवं समाज मे परस्पर प्रेम व सामाजिक एकता की भावना सुदृढ़ हो। इस दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने हर घर तिरंगा के तहत लगाये गये सेल्फी पॉइंट पर फोटो खिचवाई और उसे वेबसाईट पर अपलोड भी किया। स्वतंत्रता दौड में नगर पालिका उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, गुलाब सिंह चंदेल, अमर सुलतानिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी, पार्षदगण, पत्रकारगण, नागरिकगण, युवाओं एवं स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा की नारा लगाते हुए दौड़ लगाई।

### समाज में सद्भावना बनाए रखने की दिलाई शपथ

स्वतंत्रता दौड़ कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों, विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी, पत्रकारगण, नागरिकगण, युवाओं एवं स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा फहराने, भारत के अमर स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करने, समाज मे शांति व सद्भावना बनाए रखने तथा देश के विकास एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने की शपथ ली।

# आज से पशुओं को टीकाकरण अभियान 30 सितम्बर तक

### सवा तीन लाख पशुधनों को जिले के समस्त विभागीय अमले के गठित 45 टीकाकरण दलों द्वारा टीकाकरण किया जाएगा

**जांजगीर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले के पशुपालकों के गौवंशीय, भैंस वसीय प्रजातियों में पशु स्वास्थ्य एवं पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सघन खुरहा-चपका टीकाकरण कार्यक्रम 15 अगस्त से 30 सितम्बर तक जिले के समस्त विकास खंडों में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा गौ सेवकों, पीआईडब्ल्यू, पशुधन मित्र आदि के द्वारा आयोजित किया जाएगा।



उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ.एएल सिंह ने बताया कि इस बीमारी से ग्रसित पशुओं के मुँह एवं जीभ में छाले बन जाते है जिसके कारण लार का गिरना एवं चारा चबाने में कठिनाई होती है एवं पैर के खुरो के मध्य घाव बन जाता है जिससे पशु लंगड़ा कर चलता है, तेज बुखार, दूध उत्पादन में कमी, शारीरिक कमजोरी आदि लक्षण दिखाई देते है। उक्त टीकाकरण कार्यक्रम में जिले के लगभग सवा तीन लाख पशुधनों को जिले के समस्त विभागीय अमले के गठित 45 टीकाकरण दलों द्वारा टीकाकरण किया जाएगा। जिसके लिये जिला स्तर पर मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रुम एवं जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उसी प्रकार विकासखंड स्तर पर पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

विकासखंड नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि टीकाकरण के पूर्व ग्रामों में व्यापक प्रचार प्रसार एवं मुनादी कराते हुए शत प्रतिशत पशुओं में टीकाकरण कार्य पूर्ण किया जावे तथा पशु पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने अभियान में शामिल करने कहा है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें द्वारा जिले के समस्त पशु पालकों से अपने पशुओं में टीकाकरण कराकर अभियान को सफल बनाने की अपील की गई है।

### पुलिस द्वारा यातायात मित्रो को प्रशस्ति पत्र देकर किया उत्साहवर्धन




सक्ती, 14 अगस्त (देशबन्धु)। सक्ती पुलिस द्वारा दुर्घटनाओ मे अविलम्ब सूचना देने वाले यातायात मित्रो का उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदाय किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के द्वारा विभिन्न जगहों में हो रहे सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के उपचार हेतु सूचना प्राप्त करने के लिए जिले में 500 से अधिक लोगों को यातायात मित्र बनाया गया है ताकि घायलों को समय पर इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंचाया जा सके, और सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाई जा सके। दुर्घटना के मूल कारण को पता लगाकर दुर्घटना की संख्या में कमी लाई जा सके ऐसे यातायात मित्र जो सड़क दुर्घटना की सूचना पुलिस को दिये है, उन्हे उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में प्रदाय कर सम्मानित किया गया, सक्ती पुलिस द्वारा लगातार सडक दुर्घटनाओ मे कमी लाने एवं सडक दुर्घटनाओ मे घायल व्यक्तियों को सही समय पर उपचार मिल सके इस बाबत लगातार प्रयास किया जा रहा हैं।

### पुलिस अधीक्षक ने किया डभरा का आकस्मिक निरीक्षण



सक्ति, 14 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा थाना डभरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना डभरा के पुलिस स्टाफ साफ सुथरी वर्दी में उपस्थित मिले तथा थाना भवन एवं थाना कैंपस का निरीक्षण के दौरान साफ सफाई अच्छा रहना मिला। संधारित्र रिकॉर्ड एवं रजिस्टर ग्राम अपराध पुस्तिका ग्राम कोटमी,कोमो, कंवलाझर,भेडीकोना, तेंदुमुडी का अवलोकन करने पर सही पाया गया। तथा शिकायत रजिस्टर, मुलाहिजा रजिस्टर तथा अन्य रजिस्टरों को चेक कर एवं लंबित अपराध चालान की समीक्षा कर लंबित मामलों का त्वरित निराकरण करने तथा थाना क्षेत्र में होने वाले अवैध गतिविधियों पर कारगर कार्यवाही करते हुए किए गए कार्यवाही की सूचना देने आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत



जांजगीर, 14 अगस्त (देशबन्धु)। आकाशीय बिजली के चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। हादसे दौरान संतोषी कश्यप (35) ग्राम कापन में खेत में निंदाई का काम कर रही थी।

जानकारी अनुसार बुधवार की सुबह 6 बजे संतोषी कश्यप अपने खेत में 8 से 10 लोगों के साथ निंदाई का काम कर रही थी। महिला दोपहर 12 बजे करीब घर जाने के लिए निकल रही थी। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी। खेत में काम कर रहे अन्य लोगों ने महिला को घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के सीने पर चोट के निशान है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 5 लाख की चोरी,सोने-चांदी के गहने समेत कैश किए पार

### पीछे के दरवाजे से स्टाम्प वेंडर के घर में घुसे बदमाश

**जांजगीर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। सक्ती जिले में स्टाम्प वेंडर के घर दिनदहाड़े चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने सूने घर से सोना-चांदी और कैश समेत करीब 5 लाख रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घर वाले जब वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि घर के पीछे के दरवाजे की सिटकनी टूटी हुई है। सामान बिखरा हुआ है।



घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। वारदात बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम केसला की है।पत्नी भाई के घर गई थी। केसला निवासी फिरत राम साहू उप पंजीयक कार्यालय में स्टाम्प वेंडर है। सोमवार को वह किसी काम से सक्ती गए हुए थे। दोपहर 3.30 बजे उनकी पत्नी घर में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ अपने भाई के यहां गई थी। परिवार जब घर लौटा तो सामान बिखरा हुआ मिला।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी

पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल, पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। कार्यालय से महज कुछ किलोमीटर हुई इस चोरी ने लोगों को दहशत में डाल दिया है।

### मेहमान प्रवक्ता हेतु 30 अगस्त तक आमंत्रित

**जांजगीर,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। प्रशिक्षण सत्र 2024-25 के लिये जिला नोडल संस्था, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर के अंतर्गत जांजगीर जिले की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, अकलतरा में विद्युतकार 1 पद, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) टर्नर 1 पद, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बम्हनीडीह, कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) 1 पद, हेतु मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) के लिए आवेदन 30 अगस्त समय-शाम 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन पत्र प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर में जमा कर सकते हैं। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी संस्था कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# डेंगू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया व्यवसायिक परिसर एवं नवनिर्मित मकान वाले क्षेत्रों का सर्वे

### जल जमाव वाले जगहों पर किया गया दवा का छिड़काव

**रायगढ,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा व्यवसायिक परिसर व नवनिर्मित मकान वाले क्षेत्रों में सर्वे किया गया। मौके पर उन्होंने जलजमाव वाले जगहों को साफ करते हुए वहां दवा का छिड़काव किए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहां आसपास रहने वाले लोगों को समझाईश दी कि छोटी-छोटी असावधानियों से डेंगू के लक्षण मिलते है। चूंकि डेंगू का लार्वा साफ एवं ठहरे हुए पानी में पनपता है। इसलिए डेंगू के केसेस को रोकने के लिए सबको सतर्कता बरतना आवश्यक है।

डेंगू मच्छर एवं वाहक एडिज एजिप्टी की पहचान एवं मच्छर के काटने तथा संक्रमण फैलाने वाले डेंगू वायरस के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षणों के आधार पर ही इसका इलाज किया जाना रहता हैं विशेष एवं गंभीर अवस्था में मरीजों को भर्ती करके इलाज उपलब्ध कराया जाता है। भर्ती के दौरान कुछ ऐसे मरीजों का जिनका प्लेटलेट की मात्रा अत्यधिक कम हो जाने पर फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा एवं प्लेटलेट उपलब्ध कराया



जाता है तथा डेंगू रोकथाम के उपाय बताए गए जिसमें मुख्य रूप से कुलर में एक हफ्ता से रखा हुआ स्थिर एवं साफ पानी, बिना ढ़के हुए प्लास्टिक एवं सीमेंट टैंक का साफ पानी, फ्रिज के पीछे ट्रे, गमले में जमा हुआ पानी, पशु एवं पक्षियों के लिए पात्र में रखा हुआ साफ पानी, नारियल के खोल, टूटे हुए बर्तन एवं डिस्पोजल, गड्ढ़ों में बारिश का जमा हुआ साफ पानी, टायरों में जमा हुआ साफ पानी, अन्य ऐसे स्थान या वस्तु जिसमें स्थिर साफ पानी जमा हो रहा है वहां डेंगू के मच्छर पनपते है। इसलिए व्यर्थ पड़े हुए पात्रों को पलट कर रखे उन्हें खुला न रहने दें। तत्पश्चात आयुक्त नगर निगम ने शहरी क्षेत्र के समस्त वार्डों के आधार पर हाईरिस्क वार्डो का जिक्र करते हुए बताया कि इन क्षेत्रों से ही डेंगू प्रकरण की संख्या में वृद्धि हो रही है।

### हर घर तिरंगा अभियान-सेजेस कोतरा के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली

**रायगढ,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतरा में हर्षोल्लास से स्वतंत्रता सप्ताह मनाया गया। स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत हर घर तिरंगा पहल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देशभक्ति की गहरी भावना जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्राचार्य जे एल नायक एवं कार्यक्रम संयोजक व्याख्याता वीर सिंह के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली की शुरुआत डीएमसी नरेंद्र चौधरी एवं एपीसी भुवनेश्वर पटेल की उपस्थिति में हुई। रैली ने पूरे गांव का भ्रमण कर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों के जोश और उमंग से पूरा विद्यालय परिवार देशभक्ति मय हो गया। हर घर तिरंगा थीम पर विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही आकर्षक रंगोली बनाई गई। मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। हाउसवाइज बोर्ड डेकोरेशन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस दौरान डीएमसी नरेंद्र चौधरी एवं एपीसी भुवनेश्वर पटेल ने विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों की सभी गतिविधियों का अवलोकन कर विद्यालय के कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता विमला भगत, सीताराम गुप्ता, विजय कुमार प्रधान, आशु खूंटे, श्यामा पटेल, तृप्ति अग्रवाल, नीलू भारद्वाज, विजयलक्ष्मी, भारत पटेल, मिथुन पटेल, दीपक पटेल, शुभम लोहिया, दीप्ति गुप्ता, ममता पटेल, सावित्री पटेल, रश्मि चौधरी, शांति मिश्रा भारती खांडेकर, अमीषा, अनीता, रजनी एक्का, माधुरी नायक एवं सभी हिंदी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम के स्टाफ उपस्थित रहे।

## यूक्रेन कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र को जब्त करने में विफल रहा : कमांडर

**मॉस्को।** यूक्रेन ने 11 अगस्त को कुर्सक परमाणु ऊर्जा संयंत्र को जब्त करने और एक अल्टीमेटम के साथ रूस के साथ बातचीत शुरू करने के लिए इसका इस्तेमाल करने की योजना बनाई है। यह जानकारी अखमत विशेष बल रेजिमेंट कमांडर आप्ती अलाउदिनोव ने बुधवार को दी। अलाउदिनोव ने टेलीग्राम पर कहा कि हमें बहुत दिलचस्प सामग्री मिली, ऑपरेशन का पूरा खांका, जिसे तैयार किया जा रहा था, किन बलों द्वारा और क्या योजना बनाई गई थी। 11 अगस्त को कुरचटोव में परमाणु ऊर्जा संयंत्र को जब्त करना था, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की का फौजी हमला, जिसे कुरचटोव परमाणु ऊर्जा संयंत्र की जब्ती के साथ योजनाबद्ध किया गया था और पहले से ही एक अल्टीमेटम के साथ बातचीत में प्रवेश करना था लेकिन यह असफल रहा।

# देश विदेश

# शेख हसीना ने की 'लोगों से न्याय' और हत्यारों को सजा देने की मांग

**ढाका,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पद से हटाए जाने के आठ दिन बाद सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक संदेश के जरिए अपने देशवासियों से फिर से संवाद स्थापित किया। सुश्री हसीना ने आरक्षण आंदोलन की आड़ में लोगों की जान जाने पर दुख जताया और हाल ही में हुई 'आतंकवादी गतिविधियों', हत्याओं और बर्बरता में शामिल

**■ बंगबंधु स्मारक संग्रहालय में हाल ही में हुई तोड़फोड़ और मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को पहुंचाया नुकसान**

लोगों को सजा देने की मांग की। बुधवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। निर्वासन से अवामी लीग नेता का पहला सार्वजनिक संदेश संकटग्रस्त देश में अपने समर्थकों के लिए एक आश्वासन के रूप में आया है और साथ ही बंगलादेश की राष्ट्रीय राजनीति में प्रासंगिक बने रहने की उनकी प्रतिबद्धता का भी संकेत है। हाल ही में हुई हिंसा में मारे गए लोगों और अपने पिता एवं



राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के बलिदान को याद करते हुए उन्होंने लोगों से 15 अगस्त को बंगबंधु भवन में पुष्पांजलि अर्पित करके और प्रार्थना करके राष्ट्रीय शोक दिवस मनाने का आह्वान किया। उनकी अपील राष्ट्रपिता और उनके परिवार के सदस्यों की हत्या की बरसी 15 अगस्त को राष्ट्रीय अवकाश रद्द करने के देश की अंतरिम सरकार के फैसले की पृष्ठभूमि में आई है। ढाका में बंगबंधु स्मारक संग्रहालय में हाल ही में हुई तोड़फोड़ और मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान का घोर अपमान है, जिनके नेतृत्व में हमने अपना स्वाभिमान, अपनी पहचान और अपना स्वतंत्र राष्ट्र हासिल किया। यह लाखों शहीदों के खून का घोर अपमान है। मैं इस देश के लोगों से न्याय की मांग करती हूं। अपने बेटे सजीब वाजेद जॉय के सत्यापित फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए संदेश में सुश्री हसीना ने कहा कि पिछले जुलाई से, आंदोलनों के नाम पर तोड़फोड़, आगजनी और हिंसा की घटनाओं के परिणामस्वरूप हमारे देश के कई निर्दोष नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मेरे जैसे लोग, जो अपने प्रियजनों को खोने के दर्द के साथ जी रहे हैं, मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूँ।

### बांग्लादेश में प्राथमिक विद्यालय फिर से खुले

**ढाका।** बांग्लोदश में कोटा सुधार आंदोलन से भड़की हिंसा के कारण देश भर में 28 दिनों तक बंद रहे प्राथमिक विद्यालयों में नियमित कक्षाएं फिर से शुरू हो गई हैं। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार प्राथमिक और जन शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को प्राथमिक शैक्षणिक स्तर पर शिक्षण गतिविधियों को फिर से शुरू करने के आदेश पारित किये। मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालयों, बाल कल्याण ट्रस्ट द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों और गैर-औपचारिक शिक्षा ब्यूरो द्वारा संचालित शिक्षण केंद्रों को कक्षा गतिविधियों को पूरी तरह से पुन : शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हसीना से बातचीत के बाद अवामी लीग नेता हिरासत में

**ढाका।** बंगलादेश में अवामी लीग के बरगुना जिला इकाई के महासचिव जहांगीर कबीर को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ कथित तौर पर टेलीफोन पर हुई बातचीत के वायरल होने के बाद जिले में अशांति फैलाने की साजिश रचने के आरोप में बुधवार तड़के ढाका पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, श्री कबीर को तड़के लगभग छह बजे बरगुना नगर पालिका के अमतला स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया गया। बरगुना सदर थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) केएम मिजानुर रहमान ने बताया कि जिले में अशांति पैदा करने की साजिश के आरोपों के बाद यह गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने पुष्टि की कि श्री कबीर की हिरासत वायरल फोन पर बातचीत से संबंधित है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, फेसबुक पर वायरल तीन मिनट की कॉल में, सुश्री हसीना ने कबीर को पार्टी की गतिविधियों को अनुशासन के साथ संचालित करने और 15 अगस्त को बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के दिन उचित तरीके से शोक दिवस मनाने का निर्देश दिया। इस दौरान, श्री कबीर ने सुश्री हसीना को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपा, चिंता मत करो। आप चिंता करती हैं तो हम कमजोर हो जाते हैं। हम मजबूत बने रहेंगे। सुश्री हसीना ने जवाब दिया, मैं क्यों चिंता करूंगी? मैं डरी हुई नहीं हूं। आपने देखा है कि कैसे उन्होंने हमारे पुलिस बल को लटकाया और पीटा है। उन्होंने बुर्का पहनकर भी हमारे कार्यकर्ताओं पर हमले किये हैं। इस देश को आजादी खून-खराबे से मिली। आप जैसे हैं वैसे ही रहें।

## सुडोकू 6647


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 7 | 5 | | |
| | | | | | 8 | | 4 | 3 |
| | | | 4 | | 5 | | | 8 |
| 1 | | 4 | | | | | 9 | 6 |
| | | 9 | | | | 3 | | |
| 6 | 3 | | | | | 2 | | 5 |
| 9 | | | 5 | | 4 | | | |
| 2 | 4 | | 3 | | | | | |
| | | 5 | 6 | 9 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6647



**बाये से दायें:-**

१. मंकलमय प्रारंभ
३. हृष्ट पुष्ट
५. नमन
६. मूर्ति
७. शासन, केंद्र
८. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन होने वाला कार्यक्रम, तेरहवीं
१३. बंदीगृह
१५. धारण कर्ता
१६. चिढ़, घृणा (उर्दू)
१७. कुप्रथा
१८. फूल, पुष्प
२०. सेवा करने या किसी पद पर बने रहने का रहने का समय
२२. मुग्ध होना (मुहावरा)
२३. पहाड़ों के नीचे की जमीन

**ऊपर से नीचे:-**

१. मंगलदायक
२. थोड़ा भी, किंचित मात्र
३. साथ चलने वाला (उर्दू)
४. कराधान
५. उन्माद
९. योग निर्दिष्ट, बैठने की विधि
१०. कुल, वंश, भाईचारा, गोत्र, (उर्दू)
११. अमृत
१२. रुकावट, बाधा
१४. बांसुरी
१७. दक्ष, निपुण
१९. भोर, प्रभात
२०. फौज
२१. बुरी आदत, व्यलन

### वर्ग पहेली-6646

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सि | फा | २ रि | श | | | ३ कि | स | ४ ल | य |
| या | | या | | ५ ह | म | ल | | ल | |
| ६ स | र | स | | ल | | ७ का | र्य | का | ल |
| त | | ८ त | ९ र | फ | दा | री | | र | |
| | १० वि | | स | | | | ११ खु | | १२ वि |
| १३ भ | ला | बु | रा | | १४ आ | | १५ द | रिं | दा |
| | य | | १६ ज | ह | म | त | | | र |
| १७ अं | त | र | | | द | | १८ से | १९ व | क |
| धे | | | २० द | र्श | नी | २१ य | | च | |
| २२ रा | ह | गी | र | | | २३ श | ब | न | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 15 अगस्त, 2024 श्रावण शुक्ल पक्ष 11

### राशिफल

मेष -आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। दोपहर के बाद आपको नौकरी और व्यापार में रुचि बढ़ेगी।

वृषभ -दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कोई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद सावधानी बरतने की सलाह आपको दी जाती है।

मिथुन -आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आयोजन होगा।

कर्क -आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी,।

सिंह -आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

कन्या -आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुला -शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

वृश्चिक -आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

धनु -आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।

मकर -आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

कुंभ -आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीन -साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

# वेस्ट बैंक में इजरायली सेना और फिलिस्तीनियों के बीच झड़प में एक की मौत

**रामल्लाह,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। इजरायली सेना ने वेस्ट बैंक में दो अपार्टमेंटों को विस्फोट से उड़ा दिया, जिसके बाद भड़की झड़पों के दौरान एक फिलिस्तीनी की मौत हो गई। फिलिस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी है। इजरायली सुरक्षा सूत्रों ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ

**■ इजरायली सेना ने 8 जनवरी को अल-बरगौती और अल-खरौफ को रामल्लाह में गोलीबारी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था**

को बताया कि इजरायली सेना ने रामल्लाह और अल-बिरेह शहरों पर धावा बोला और दो आवासीय भवनों को घेर लिया। एक अपार्टमेंट कैदी आयसर अल-बरगौती का है और दूसरा कैदी खालिद अल-खरौफ का है। इजरायली सेना ने 8 जनवरी को अल-बरगौती और अल-खरौफ को रामल्लाह में गोलीबारी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, जिसमें एक इजरायली महिला की मौत हो गई थी। सूत्रों ने बताया कि सेना ने दोनों अपार्टमेंटों को विस्फोट से उड़ा दिया। इसके बाद, फिलिस्तीनियों और इजरायली सेना के बीच झड़पें होने लगी। फिलिस्तीनियों ने इजरायली सेना पर पत्थर और खाली बोतलें फेंकी, जबकि इजरायली सेना ने आंसू गैस के गोले दागे और गोलियां चलाई।चिकित्सा सूत्रों ने सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि एक युवक मोआताज़ सरसौर गोलियों से गंभीर रूप



से घायल हो गया और उसे हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इजरायल अक्सर फिलिस्तीनी हमलावरों के घरों को ध्वस्त कर देता है। उसका कहना है कि इसका उद्देश्य संभावित हमलावरों को रोकना है। 7 अक्टूबर, 2023 को हमास-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में इजरायली गोलीबारी में अब तक 620 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इधर, गाजा में इजरायली हमलों में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा लगभग 40,000 हो गया है। जारी बयान के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली सेना ने 32 लोगों को मार डाला और 88 अन्य को घायल कर दिया, जिससे फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से कुल मौतों की संख्या 39,929 और घायलों की संख्या 92,240 हो गई। मलबे के नीचे और सड़कों पर अभी भी कई पीड़ित हैं, जहां तक एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### ईरान और लेबनान में स्थिति पर नजर रख रहा है इजरायल

**यरूशलम।** इजरायली सरकार ईरान और लेबनान में घटनाक्रमों पर नजर रख रही है और सैन्य क्षमता तैयार कर रही है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम हो सके। इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने यह जानकारी दी। 'टाइम्स ऑफ इजरायल' अखबार ने श्री गैलेंट के हवाले से कहा कि मैं इजरायल के नागरिकों पर पड़ने वाले तनाव और भारी बोझ से अवगत हूं। हम बेरूत, तेहरान और अन्य स्थानों पर जो कुछ हो रहा है, उस पर नजर रख रहे हैं, हम खतरों को दूर करने और सभी संभावनाओं के अनुसार तैयारी करने में लगे हुए हैं, ताकि हम जहां भी तय करें, हमला कर सकें। गौरतलब है कि ईरान ने जुलाई के अंत में तेहरान में इजरायली हमले में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनीयेह की मौत के बाद ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ गया है। हनीयेह ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने तेहरान आए थे।

# ब्रिटेन में दंगों के सिलसिले में एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार

**लंदन,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन में पिछले दो सप्ताह में हुई हिंसा, आगजनी और लूटपाट के साथ-साथ नस्लवादी हमलों के सिलसिले में पुलिस ने एक हजार से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेट पर गलत जानकारी से हिंसा भड़की थी। जिसमें दावा किया गया था कि जुलाई के अंत में उत्तर-पश्चिमी इंग्लैंड के साउथपॉर्ट में तीन बच्चों की हत्या करने वाला संदिग्ध एक मुस्लिम अप्रवासी था। इसे हत्या का दोषी ठहराया गया था। इंग्लैंड के कई शहरों और उत्तरी आयरलैंड में भी हिंसा भड़क उठी, लेकिन इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयासों में तेजी लाने के बाद पिछले सप्ताह से हिंसा की घटनाओं में कमी आई है। कई लोगों को तुरंत जेल भेज दिया गया और कुछ को लंबी सजा भी दी गई। राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख परिषद ने अपने लेटेस्ट अपडेट में कहा कि पूरे ब्रिटेन में 1,024 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 575 पर आरोप लगाए गए। गिरफ्तार किए गए लोगों में लिवरपूल में तोड़फोड़ के आरोपी 69 वर्षीय व्यक्ति तथा बेलफास्ट में 11 साल का लड़का शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभियोजक ने बताया कि 13 वर्षीय लड़की ने बेसिंगस्टोक मजिस्ट्रेट कोर्ट में हिंसक उपद्रव करने का अपराध स्वीकार किया है। उसे 31 जुलाई को शरणार्थियों के लिए बने एक होटल के प्रवेश द्वार पर लात-घूंसे मारते हुए देखा गया था। अभियोजक थॉमस पावर ने कहा कि इस भयावह घटना से उन लोगों में डर पैदा हो गया, जो इन गुंडों के निशाने पर थे। यह बेहद दुखद है कि इतनी छोटी लड़की ने इस हिंसक घटना में हिस्सा लिया। इससे पहले ब्रिटेन में 2011 में बड़े पैमाने पर दंगे हुए थे।

### रूस और पाक के बीच संबंध मैत्रीपूर्ण : पुतिन

**मॉस्को,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। रूस राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बधाई संदेश भेजा और कहा कि दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। यह जानकारी राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को दी। श्री पुतिन ने शुभकामना संदेश में लिखा, पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हमारे (दोनों देशों) देशों के बीच संबंध मैत्रीपूर्ण हैं।

## सुडोकू 6647 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 |


## आज का इतिहास

1519- पनामा शहर की स्थापना हुयी।
1854- ईस्ट इंडिया रेलवे ने कलकत्ता (अब कोलकाता) से हुगली तक पहली यात्री ट्रेन चलाई, हालांकि आधिकारिक तौर पर इसका संचालन 1855 में शुरू हुआ।
1886- भारत के महान संत एवं विचारक गुरु रामकृष्ण परमहंस उर्फ गदाधर चटर्जी का निधन।
1947- भारत को अंग्रेज़ों की हुकूमत से आजादी मिली।
1947- पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
1947- रक्षा वीरता पुरस्कार-परमवीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र की स्थापना।
1975- बंगलादेश में सैनिक क्रांति।
1950- भारत में 8.6 के तीव्रता वाले भूकंप के कारण 20 से 30 हजार लोग मारे गए।
1971- बहरीन ब्रिटेन के शासन से आजाद हुआ।
1972- पोस्टल इंडेक्स नंबर अर्थात पिन कोड लागू किया गया।
1982- राष्ट्व्यापी रंगीन प्रसारण और टीवी के राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत
1990- जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश का सफल प्रक्षेपण।
2004- लारा टेस्ट मैच में सबसे तेज 10,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने।

**बैठक** फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण ही फिलिस्तीन का प्रतिनिधित्व कर सकता है

# इटली संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा पुनर्निर्माण योजना पेश

**रोम, 14 अगस्त (एजेंसियां)। इटली सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक सत्र के दौरान गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण की योजना पेश करेगा। विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री तजानी ने मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के मौके पर मैं जी7 स्तर पर न केवल मानवीय बल्कि गाजा के राजनीतिक और आर्थिक पुनर्निर्माण के लिए एक परियोजना का प्रस्ताव रखूंगा।**



इटली, संयुक्त राष्ट्र के नियंत्रण और अरब देशों के नेतृत्व में एक संक्रमणकालीन अवधि के दौरान एक फिलिस्तीनी राज्य, गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक को एकजुट करने के निर्माण पर काम करने के लिए एक दल भेजने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि संघर्ष समाधान प्रक्रिया के दौरान केवल फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण ही फिलिस्तीन का प्रतिनिधित्व कर सकता है, हमास आंदोलन नहीं।

उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर 2023 को हमास की ओर से इजरायल पर गाजा पट्टी से रॉकेट हमला किया गया। हमास के लड़ाकों ने सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ की, सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की और वहां के लोगों को बंधक बना लिया। इजरायल ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। इजरायली अधिकारियों का कहना है कि हमास के हमले के दौरान उसके लगभग 1,200 लोग मारे गए। इजरायल रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्स शुरू किया और एन्क्लेव की पूर्ण नाकाबंदी की घोषणा की। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि सात अक्टूबर से गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 39,900 से अधिक हो गई है।

### गाजा में हमले बंद करने के लिए चीन का अमेरिका से हस्तक्षेप का आग्रह

**वाशिंगटन।** चीन ने अमेरिका से आग्रह किया है कि गाजा में सैन्य अभियान जल्द से जल्द रोकने और नागरिकों का कत्लेआम बंद करने के लिए वह इजरायल पर दबाव डालने का काम 'ईमानदारी और जिम्मेदारी' से करे। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि फू कांग ने सप्ताहांत में गाजा शहर में अल-तबाईन स्कूल पर इजरायल के हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें 100 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए।

## दुनिया को जानें

### इंडोनेशियाई राष्ट्रपति ने हाई-टेक स्मार्ट रेल प्रणाली की टेस्ट राइड का अनुभव किया

**बीजिंग,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने कई कैबिनेट मंत्रियों के साथ इंडोनेशिया की नयी राजधानी नुसंतारा में एक चीनी कंपनी द्वारा विकसित हाई-टेक स्मार्ट रेल प्रणाली की टेस्ट राइड का अनुभव किया। नए राष्ट्रपति भवन से शुरू हुई यह सवारी 2 किलोमीटर का रास्ता तय करती हुई चार कार्यालय भवनों का चक्कर लगाते हुए वापस राष्ट्रपति भवन में पहुंची। एक सम्मेलन के दौरान, राष्ट्रपति विडोडो ने पारंपरिक रेल परिवहन की तुलना में स्मार्ट रेल प्रणाली के लाभों पर जोर दिया, खासकर इंडोनेशिया जैसे तेजी से शहरीकरण करने वाले शहरों में। उन्होंने बताया कि स्मार्ट रेल प्रणाली पारंपरिक सबवे और लाइट रेल विकल्पों के लिए अधिक टिकाऊ, लागत प्रभावी विकल्प प्रदान करती है। इंडोनेशिया बढ़ते प्रदूषण और तेजी से भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों से जूझ रहा है, विडोडो ने हरित ऊर्जा-आधारित सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। कम लागत और उच्च दक्षता वाली स्मार्ट रेल प्रणाली देश के बढ़ते शहरों के लिए एक आशाजनक समाधान प्रस्तुत करती है।

adani Foundation

# एक मज़बूत आत्मनिर्भर भारत की ओर

आइए हम सब मिलकर ऐसा राष्ट्र बनाएं जो दुनिया को प्रेरित करे। एक ऐसा राष्ट्र जहाँ सपने उड़ान भरें, नई सोच को बढ़ावा मिले और हर नागरिक प्रगति में योगदान दे। एक ऐसा राष्ट्र जहाँ समृद्धि हर कोने तक पहुँचे और एकता की भावना हम सभी को जोड़े।

**इस स्वतंत्रता दिवस विकसित भारत बनाने की शपथ लें**



# भारत के 78 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



**प्रत्येक भारतीय को**

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

भारत अपनी स्वतंत्रता के 78वें वर्ष का उत्सव मना रहा है और एनएमडीसी राष्ट्र की औद्योगिक प्रगति की अग्रिम पंक्ति में गर्व के साथ खड़ा है। देश के सबसे बडे लौह अयस्क उत्पादक के रूप में एनएमडीसी जिम्मेदार खनन पद्धतियों के माध्यम से ''विकसित भारत'' के विजन को साकार करने और सीएसआर की सार्थक पहलों को सक्रिय रूप से अपनाकर एक मजबूत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

एनएमडीसी NMDC
जिम्मेवार खनन
वैज्ञानिक। सुस्थिर। खुशियां बिखेरते हुए

10-3-311/A, Khanij Bhavan, Castle Hills, Masab Tank, Hyderabad - 500 028. India. www.nmdc.co.in /nmdclimited



प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपक बैज
अध्यक्ष - छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी



आप सभी क्षेत्रवासीयों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
77 Th INDIA Independence DAY



राम आर्य
उपाध्यक्ष :-
मदर्स प्राईड वर्ल्ड स्कूल, चकरभाठा, बोदरी
उपाध्यक्ष - पूज्य सिंधी पंचायत, चकरभाठा कैम्प
सदस्य - छ.ग. चेम्बर्स ऑफ कामर्स




# श्रीजेश की 16 नंबर की जर्सी को हॉकी इंडिया ने किया रिटायर, बनें जूनियर टीम के कोच

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 14 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी में भारत के लिए चार ओलंपिक,

- श्रीजेश के विदाई समारोह में भारतीय टीम 16 नंबर की जर्सी में थी
- जू.भारतीय हॉकी टीम के लिए बतौर कोच नया श्रीजेश तैयार करने की जिम्मेदारी श्रीजेश की




चार विश्व कप और चार एशियाई खेलों में खेलना एक अनूठी उपलब्धि है। 'अन्ना' धनराज पिल्लै को भारत के लिए विश्व मंच और एशिया में सभी में चार -चार बड़े हॉकी टूर्नामेंट खेलते देख कर ही भारत के 36 बरस के गोलरक्षक पीआर श्रीजेश ने उनकी तरह ही बचपन में भारत के लिए हॉकी खेलने का आगाज कर उनके नक्शे कदम पर चल कर ही ऐसा करने का सपना संजोया था। श्रीजेश अपने इस सपने को करीब करीब पूरा करने के साथ अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने से बेहद खुश भी हैं। इस बात का खुलासा श्रीजेश ने देशबंधु के सवाल के जवाब में किया। यह भी संयोग है कि अपने 'अन्ना' धनराज की तरह 36 बरस के गोलरक्षक 'दीवार' के नाम ख्यात श्रीजेश ने बतौर गोलरक्षक 16 नंबर की जर्सी पहन 18 बरस तक भारतीय सीनियर टीम के लिए चार ओलंपिक, चार विश्व कप और तीन एशियाई खेलों, तीन राष्ट्रमंडल खेल में खेलने का अपना सपना पूरा करने कर पेरिस में स्पेन को हरा कर भारत को लगातार दूसरी बार ओलंपिक में कांसा जिताने के साथ अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह पूरा किया। हॉकी इंडिया ने श्रीजेश की विदाई के लिए बुधवार को बड़ा विदाई समारोह आयोजित किया। भारतीय हॉकी के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी खिलाड़ी के लिए इतने बड़े स्तर पर इस तरह का विदाई समारोह आयोजित किया। श्रीजेश के सम्मान में आयोजित समारोह में हॉकी में भारत के लिए डेढ़ दशक से ज्यादा के कामयाब करियर के लिए हॉकी इंडिया ने 25 लाख रुपये का चेक भी दिया। श्रीजेश भारत के लिए लगातार चार ओलंपिक खेलने वाले, दो ओलंपिक कांसा जीतने वाले तथा सबसे ज्यादा कुल 27 ओलंपिक खेलने वाले भारतीय गोलरक्षक हैं। श्रीजेश के बाद भारत के लिए सबसे ज्यादा तीन ओलंपिक और इसमें सबसे ज्यादा 20 मैच दद्दा के नाम से ख्यात गोलरक्षक शंकर लक्ष्मण के नाम हैं। इस मौके पर पूर्व कप्तान हरबिंदर सिंह, अजितपाल सिंह, अशोक दीवान, मीर रंजन नेगी, जगबीर सिंह, रोमियो जेम्स मोहिंदर पाल सिंह, हरेन्द्र सिंह जैसे भारत के कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन दिलीप तिर्की भी मौजूद थे। साथ ही श्रीजेश का परिवार भी इस मौके पर मौजूद था और हॉकी इंडिया ने उनका स्वागत किया। श्रीजेश के इस अनूठे और पहले विदाई समारोह में भारत की 2024 के पेरिस ओलंपिक में कांसा जीतने वाली पूरी 16 सदस्यीय टीम, चीफ कोच क्रेग फुल्टन, सहायक कोच शिवेंद्र सिंह सभी श्रीजेश की 16 नंबर की जर्सी पहन कर मौजूद थे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने इस विदाई समारोह मे श्रीजेश की 16 नंबर जर्सी को सीनियर भारतीय टीम के लिए रिटायर करने की घोषणा की। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने श्रीजेश को भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का कोच भी नियुक्त करने की घोषणा की। श्रीजेश ने माना की कि वह भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच की जिम्मेदारी संभालने को तैयार हैं। भोलानाथ सिंह ने कहा, ' श्रीजेश पर अब जूनियर भारतीय हॉकी टीम के कोच के रूप में16 नंबर की जर्सी में जूनियर श्रीजेश तैयारी करने की जिम्मेदारी रहेगी। आधुनिक भारतीय हॉकी के भगवान के नाम से पुकारे जाने वाले श्रीजेश ने भारतीय सीनियर टीम के लिए अपनी इस लंबी यात्रा पर कहा, ' मुझे हॉकी के इस 18 बरस लंबे उतार चढ़ाव वाले सफर में अपने परिवार, अपने हॉकी उस्तादों, पूर्व कप्तान सरदार, मनप्रीत सिंह और मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत सिंह का पूरा साथ मिला। मैंने हॉकी मैदान पर भारत के लिए खेले हर पल का लुत्फ उठाया। मुझे अपने 'दूसरे परिवार' भारतीय हॉकी टीम की कमी बहुत अखरेगी। शुरू में हॉकी में मैंने दद्दा हॉकी के जादूगर ध्यानचंद का नाम ही सुना था। मैं देश में केरल से आता हूं जहां बहुत बच्चे हॉकी नहीं फुटबॉल खेलते हैं। फिर भी मैंने 12 बरस की उम्र में हाथ में हॉकी क्या थामी यह फिर कभी छूटी ही नहीं। हॉकी हाथ में थामते ही नया विश्वास आ जाता है। धनराज को मैं 'अन्ना' मानता हूं और उनकी तरह चार ओलंपिक, चार विश्व कप, चार एशियाई खेलों का सपना संजोया था और इसे मैं करीब करीब पूरा करने में सफल रहा। मैं 'अन्ना' धनराज से बस एक एशियाई खेल कम खेला। मैं बतौर गोलरक्षक भारतीय गोलरक्षकों में एड्रियन डिसूजा से और नीदरलैंड के जेप स्टॉकमैन से बहुत प्रभावित रहा। मैं भारत की दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने और दो ओलंपिक में कांसा जीतने वाली टीम का सदस्य रहा।मुझे बस मलाल यह रहा गया कि मैं चार विश्व कप में भारत के लिए खेलने के बाद पदक के करीब पहुंचने के बाद उसमें उसे पदक जिताने में कामयाब नहीं हो सका। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारी नौजवानों से सज्जित टीम अब 2026 में विश्व कप में मेरे पदक जीतने को अधूरे सपने को पूरा करने के साथ 2028 के ओलंपिक में इस बार के कांसे के रंग को और चमकदार करने में कामयाब रहेगी। बेशक भारत में क्रिकेट ज्यादा लोकप्रिय है, लेकिन हमारी भारतीय टीम के लगातार दो बार कांसा जीतने से देश में अब ज्यादा नौजवान हॉकी खेलने को प्रेरित होंगे। मैंने सुबह शाम पिछले करीब दो दशक से हॉकी खेली है।

### शंकर लक्ष्मण की तरह भारत के सर्वश्रेष्ठ गोलरक्षक श्रीजेश : अशोक दीवान

भारत की 1975 का विश्व कप जीतने वाली टीम के गोलरक्षक अशोक दीवान ने कहा, 'भारत के लिए 18 साल से ज्यादा और लगातार चार ओलंपिक खेलना और दो में लगातार टीम को कांसा जिताना वाकई बहुत बड़ी उपलब्धि है। वह लगातार तीन ओलंपिक खेलने वाले और दो स्वर्ण और एक में रजत पदक जिताने वाले शंकर लक्ष्मण की तरह भारत के सर्वश्रेष्ठ गोलरक्षक हैं। वह भारतीय टीम की बराबर मजबूत दीवार रहे। वह आज की हॉकी के भारत ही नहीं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलरक्षक हैं। श्रीजेश के संकट में धैर्य का जवाब नहीं हैं।

### श्रीजेश की ताकत थी उनका खुद पर भरोसा : नेगी

1982 के एशियाई खेलों में भारत के गोलरक्षक रहे मीर रंजन नेगी ने कहा, 'श्रीजेश भारत ही नहीं आज के जमाने के दुनिया के निर्विवाद रूप से सवश्रेष्ठ गोलरक्षक में से एक हैं। श्रीजेश की ताकत थी उनका अपना खुद पर भरोसा और दबाव में अपने साथियों से भी बेहतरीन प्रदर्शन कराना। श्रीजेश के हॉकी को अलविदा कहने से भारत के लिए उनकी कमी को पूरा करना बड़ी चुनौती होगा।

### मॉडर्न हॉकी के शीर्ष गोलरक्षण हैं श्रीजेश : रोमियो जेम्स

1984 के ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के गोलरक्षक रह रोमियो जेम्स ने कहा, '2008 में जब हरेन्द्र सिंह के भारतीय टीम के कोच रहते मैं सहायक कोच था तो तब श्रीजेश हमारी भारतीय टीम के गोलरक्षक थे। मेरी राय में श्रीजेश मॉडर्न हॉकी के शीर्ष गोलरक्षक में एक हैं। शंकर लक्ष्मण भारत के सर्वश्रेष्ठ गोलरक्षक रहे। उनके बाद एबी सुबैया के बाद श्रीजेश भारत के सर्वश्रेष्ठ गोलरक्षक है। श्रीजेश की बतौर गोलरक्षक मुस्तैदी और प्रतिभा लाजवाब रही।




सार संक्षेप

### टियाफो, मिशेलसन सिनसिनाटी ओपन के दूसरे दौर में

**सिनसिनाटी।** घरेलू पसंदीदा फ्रांसिस टियाफो ने सिनसिनाटी ओपन में पहले दौर में उच्च स्तरीय प्रदर्शन करते हुए एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-3, 7-6(6) से हरा दिया। टियाफो ने कुछ बेहतरीन शॉट खेले और इस साल हार्ड कोर्ट पर शुरुआती दौर के मैचों में 9-2 तक सुधार किया। अपनी जीत के साथ, टियाफो ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के साथ अपनी एटीपी हेड-टू-हेड श्रृंखला में 2- का सुधार किया। ओहियो में 26 वर्षीय खिलाड़ी का अगला प्रतिद्वंद्वी 14वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी या निकोलस जैरी होगा। उन्हें सिनसिनाटी में शुरुआती परेशानी का सामना करना पड़ा, पहले सेट में 1-3 से पिछड़ गए, लेकिन फिर डेविडोविच फोकिना के खिलाफ नियंत्रण हासिल करने के लिए लगातार छह गेम जीते। दसवें गेम में तीन मैच प्वाइंट के साथ टियाफो दूसरे सेट में आसान जीत के करीब थे।

### बेन स्टोक्स शेष गर्मियों से बाहर, ओली पोप बने इंग्लैंड के कप्तान

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को द हंड्रेड के दौरान बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद बाकी गर्मियों के लिए बाहर कर दिया गया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्टोक्स को रविवार को मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेलते समय चोट लग गई। जैसे ही वह लक्ष्य का पीछा करने के लिए तेजी से सिंगल लेने के लिए दौड़े, रन पूरा करने के बाद वह घायल हो गए और अपने बाएं पैर को पकड़कर गिर गए। मैदान के बाहर उनकी मदद की गई और बाद में वे बैसाखी के सहारे टीम डगआउट में लौट आए। ईसीबी ने एक बयान में कहा कि लीड्स में किए गए स्कैन के परिणामस्वरूप, स्टोक्स इंग्लैंड की श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की रोथसे टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे, जो बुधवार, 21 अगस्त को एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगी।

### कराची में बिना दर्शकों के खेला जाएगा बांग्लादेश-पाक का मैच

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को बताया कि उसने अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले स्थल पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण दर्शकों के बगैर टेस्ट मैच कराने का फैसला किया है। पहला मैच 21-25 अगस्त को रावलपिंडी में खेला जाएगा,जबकि दूसरा टेस्ट मैच 3 अगस्त से 3 सितंबर तक आयोजित किया जाना है। पीसीबी ने अपने बयान में कहा कि उसने दूसरे टेस्ट के लिए टिकटों की बिक्री निलंबित कर दी है। बता दें, यह अगले साल फरवरी- मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पीसीबी की नवीनीकरण योजनाओं के अनुरूप अपग्रेड का हिस्सा है। भारत और श्रीलंका के साथ 1996 विश्व कप की सह-मेजबानी के बाद ये पाकिस्तान में पहला वैश्विक टूर्नामेंट होने जा रहा है।

## गिल, राहुल, सूर्या और अय्यर दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड की टीमों में शामिल

**मुंबई,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड के लिए बुधवार को टीमों का ऐलान कर दिया है। लाल गेंद से भारतीय घरेलू सीज़न की शुरुआत इसी प्रतियोगिता से होने जा रही है, जो 5 सितंबर से शुरू होगी। दलीप ट्रॉफी के मुकाबले आंध्रप्रदेश के अनंतपुर और कर्नाटक के बेंगलुरु में खेले जाएंगे। चार अलग-अलग टीमों के बीच होने वाली इस प्रतियोगिता में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी खेलते नजर आएंगे। टीम ए की कमान जहां शुभमन गिल के हाथों पर होगी, तो टीम बी का कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को बनाया गया है। टीम सी की बागडोर ऋतुराज गायकवाड़ के ऊपर होगी जबकि चौथी और आख़िरी टीम डी के कप्तान श्रेयस अय्यर होंगे। टीम ए में गिल के अलावा मयंक अग्रवाल, केएल राहुल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव सरीखे अंतरराष्ट्रीय स्टार मौजूद हैं। तो टीम बी में भी रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज और यशस्वी जायसवाल मौजूद हैं। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव टीम सी में हैं तो अय्यर की कप्तानी वाली टीम डी में इशान किशन मौजूद हैं, जिनकी नज़र भारतीय टीम में वापसी पर होगी। बीसीसीआई की ओर से जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में ये भी कहा गया है कि बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इनमें से शामिल खिलाड़ियों की जगह कोई और ले लेगा। साथ ही साथ नितीश कुमार रेड्डी अगर पूरी तरह फिट रहे तो ही दलीप ट्रॉफ़ी का हिस्सा होंगे। सभी दल इस प्रकार है: टीम ए : शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियान, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, आवेश खान, विदवथ कावेरप्पा, कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत

**टीम बी :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, मुशीर ख़ान, नितीश कुमार रेड्डी*, वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन (विकेटकीपर)

**टीम सी :** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, उमरान मलिक, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), संदीप वॉरियर

**टीम डी :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पड़िक्कल, इशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (विकेटकीपर),सौरभ कुमार

- दलीप ट्रॉफी के मुकाबले आंध्रप्रदेश के अनंतपुर और कर्नाटक के बेंगलुरु में खेले जाएंगे



## भारत के गेंदबाजी कोच बने मोर्ने मोर्कल

**नई दिल्ली,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल को भारत की पुरुष क्रिकेट टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गाया है।

- मोर्कल दिसंबर 2023 तक पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच थे



मोर्कल की नियुक्ति से भारतीय टीम का कोचिंग स्टाफ पूर्ण हो गया। इसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और सहायक कोच के रूप में रेयान टेन डेशकाटे और अभिषेक नायर शामिल हैं। मोर्कल गेंदबाजी कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे थे। गेंदबाजी कोच के लिए मोर्कल के अलावा भारत के पूर्व तेज़ गेंदबाज आर विनय कुमार को भी शॉर्टलिस्ट किया गया था। बुधवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उनकी नियुक्ति की घोषणा कर दी। मोर्कल दिसंबर 2023 तक पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच थे। उनका नाम गंभीर ने बोर्ड को सुझाया था। गंभीर मोर्कल के साथ आईपीएल के दो सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स के दल में काम कर चुके थे और इसके साथ ही वह एसए 20 में डरबन सुपर जायंट्स के लिए भी मोर्कल के साथ काम कर चुके थे। प्रारंभिक रूप से मोर्कल के सामने भारतीय टीम के घरेलू टेस्ट दौरे की चुनौती होगी, जिसमें भारत को बांग्लादेश और न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलनी है। इसके अलावा इस साल के अंत में भारत ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने भी जाएगा। ऑस्ट्रेलिया में भारत 1992 के बाद पहली बार पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगा। भारतीय टीम के पूर्व लेग स्पिनर साईराज बहुतुले श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ़ का हिस्सा थे। अभी इस बात को लेकर स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है कि आख़िर बहुतुले कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रहेंगे या नहीं। हालांकि ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि भारतीय टीम मैनेजमेंट रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव के इतर भी स्पिन गेंदबाजों का एक समूह तैयार करने के पक्ष में है।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम इंडिया लगाएगी ऐतिहासिक 'हैट्रिक' : रवि शास्त्री


**नई दिल्ली,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबले से पहले हर बार की तरह, इस बार भी बयानबाजी का दौर शुरू हो चुका है। नवंबर में खेले जाने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर रिकी पोंटिंग के बाद रवि शास्त्री का बयान भी सामने आया है। पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि टीम इंडिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी।



पूर्व कोच रवि शास्त्री ने पूरे विश्वास के साथ भविष्यवाणी की है कि भारत, ऑस्ट्रेलिया पर अपना हालिया दबदबा जारी रखेगा। शास्त्री के मार्गदर्शन में भारत ने 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर लगातार दो टेस्ट सीरीज जीती। अब, नवंबर में शुरू होने वाली पांच मैचों की सीरीज से पहले शास्त्री का मानना है कि पैट कमिंस की टीम की कड़ी चुनौती के बावजूद भारत जीत की हैट्रिक लगाने के लिए तैयार है। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट में कहा कि ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी रोमांचक होने वाली है। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2015 में जीती थी, और पिछले साल द ओवल में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को हराकर उन्होंने कुछ हद तक इसका बदला लिया, लेकिन ट्रॉफी को फिर से हासिल करने की संभावना ने उनकी इच्छा को और बढ़ा दिया है। शास्त्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया जीत के लिए प्यासा होगा, जो अपने घरेलू मैदान पर भारत के हाथों मिली हार की यादों को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश और कड़ी मेहनत करेगा। भारत ने पिछले दो दौरों पर ऑस्ट्रेलिया को दो बार हराया है, और ऑस्ट्रेलिया ने लगभग एक दशक से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा नहीं किया है।

- शास्त्री के मार्गदर्शन में भारत ने 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर लगातार दो टेस्ट सीरीज जीती






प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188

देशबन्धु बिलासपुर — स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं — गुरुवार, 15 अगस्त 2024 — 1

आप सभी क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....

क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
Happy 15th August Independence Day
सड़क विभाग
तखतपुर- बिलासपुर

क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
सूर्यकांत जायसवाल
संस्था प्रबंधक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या.
तखतपुर

क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
15th August
Happy Independence Day
श्रीमती राजेश्वरी जुगल कौशिक — अध्यक्ष
दिव्या निलेश मिश्रा — उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत, तखतपुर

HAPPY INDEPENDENCE DAY 15th OF AUGUST
क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
नेहा फ्लाई एश ब्रिक्स
खपरी-तखतपुर
मो. 9893197631

15 AUGUST INDEPENDENCE DAY
क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
लक्ष्मीकांत कौशिक
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत, तखतपुर

क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
15 AUGUST
डॉ. उमेश साहू
ब्लाक चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तखतपुर

15 AUGUST INDEPENDENCE DAY
क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
अरूण तोमर — संस्था प्रबंधक
दुर्गेश साहू — प्राधिकृत अधिकारी
सेवा सहकारी समिति, तखतपुर

क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
श्रीमती अमरिका साहू — अध्यक्ष
कृष्ण कुमार (मुन्ना) साहू — प्रतिनिधि
नगरपालिका परिषद, तखतपुर

आओ झुक कर करे सलाम उन्हें जिनके
हिस्से में ये मुकाम आता हैं,
कितने खुशनसीब हैं वो लोग जिनका
खून वतन के काम आता हैं।।
जय हिंद, जय भारत!
आप सभी प्रदेशवासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे
आपका सेवक
श्याम बिहारी जायसवाल
कैबिनेट मंत्री- छत्तीसगढ़ शासन
लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण
चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन
@shyambiharibjp Shyambiharibjp ShyamBiharibjp

एनटीपीसी NTPC
लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन द्वारा
वर्तमान स्थापित क्षमता 1600 मेगावाट
से 50% बिजली छत्तीसगढ़ राज्य को
प्रदान किया जा रहा है
एन टी पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
लारा सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन
रायगढ़, छत्तीसगढ़ - 496440
Follow us on : /ntpc1 /ntpcltd1 /ntpclimited /company/ntpc /ntpclimited
विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन यंत्री जिला ग्रामीण यांत्रिकी विभाग

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला उद्यानिकी विभाग एवम समस्त स्टाफ कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोमीत सिन्हा ठेकेदार उच्चकोटि के भवन निर्माता चिरमिरी कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज खलको डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए,
वनपरिक्षेत्राधिकारी सोनहत पैकरा जी एवं समस्त स्टाफ जिला कोरिया वनमण्डल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए,
भगन राम वनपरिक्षेत्र अधिकारी देवगण एवम समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए,
वनपरिक्षेत्राधिकारी बैकुण्ठपुर एवम समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए,
इन्द्रभान पटेल वनपरिक्षेत्राधिकारी बहराशि एवं समस्त स्टाफ वन मण्डल कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए,
वनपरिक्षेत्राधिकारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए
शिव प्रसाद ध्रुव वनपरिक्षेत्राधिकारी कुवांरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए,
वनपरिक्षेत्राधिकारी जनकपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजाराम पार्क परिक्षेत्राधिकारी जनकपुर एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष सिंह नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम चिरमिरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उपसंचालक कृषि विभाग कोरिया एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए,
अर्जुन सिंह वनपरिक्षेत्राधिकारी खड़गवां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए,
आर एस कुर्रे वनपरिक्षेत्राधिकारी मनेन्द्रगढ़

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए,
वनपरिक्षेत्राधिकारी सूरजदेव सिंह चिरमिरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग एवम चराई से बचाए,
वनपरिक्षेत्राधिकारी राम सागर कुर्रे केल्हारी




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन यंत्री प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कोरिया बैकुंठपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरद कुमार सत्पथी कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एम सी बी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामोद कुमार चौधरी अनुविभागीय अधिकारी आर ई एस क्रमांक 1

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता जी जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ललित साय पैकरा पार्क परिक्षेत्राधिकारी रामगढ़ रेंज प्रभारी एवं समस्त स्टाफ कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेस टुंडे पार्क परिक्षेत्राधिकारी सोनहत रेंज प्रभारी एवं समस्त स्टाफ कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अगस्तीन टोप्पो
कार्यपालन अभियंता जलसंसाधन विभाग बैकुंठपुर जिला कोरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


राम प्रसाद आंचला
आयुक्त
नगर पालिक निगम चिरमिरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वनों को आग एवम चराई से बचाए,
मनीष कश्यप
वन मण्डला अधिकारी मनेन्द्रगढ़

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वनों को आग एवम चराई से बचाए,
वन मण्डला अधिकारी बैकुण्ठपुर, कोरिया


HAPPY INDEPENDENCE DAY
LIONS INTERNATIONAL
एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल


स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
निमेश अग्रवाल
अध्यक्ष
व्यापारी संघ दीपका


स्वतंत्रता दिवस की बधाई
निर्मल राज
उपाध्यक्ष - सर्व आदिवासी समाज
शक्तिपीठ, कोरबा


15 August
INDIA INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस
की बधाई
राजेन्द्र तिवारी
अध्यक्ष - गुड्स ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन
जिला-कोरबा
संचालक - नवीन ट्रांसपोर्ट, टीपी नगर कोरबा


स्वतंत्रता दिवस की बधाई
जय बुढ़ादेव कला एवं
विज्ञान महाविद्यालय
कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)
हिन्दी साहित्य, राजनीतिक
विज्ञान एवं भुगोल
2003 से ग्रामीण अंचल के
छात्र हो रहे लाभान्वित खेल में
प्रतिवर्ष छात्र नेशनल गेम में चयनित
प्राचार्य
डॉ. प्यारे लाल आदिले


स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ...
15TH AUGUST
WISH YOU A VERY HAPPY
INDEPENDENCE DAY
ओमप्रकाश केशरी
थाना प्रभारी पचपेड़ी (मल्हार)
जिला-बिलासपुर


15 August
INDIA INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ...
मे. सुनील कुमार अग्रवाल
एल.एल.पी
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)


स्वतंत्रता दिवस की बधाई
श्रीमती निवेदिता बंजारा
अध्यक्ष
आकृति महिला मंडल सीएसईबी मड़वा
एस.के. बंजारा
पूर्व अध्यक्ष
कोरबा सतनामी कल्याण समिति, कोरबा


सभी जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
लखनलाल देवांगन


HAPPY INDEPENDENCE DAY
15TH AUGUST
WISH YOU A VERY HAPPY
INDEPENDENCE DAY
M/s. B.B. VERMA
District - Korba (C.G.)


INDIA
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
मो. ताहा
आईटीआई, कोरबा


स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ...
ऋतु चौरसिया
पार्षद - न.पा.नि. कोरबा
प्रदेश सदस्य-पोषण अभियान समिति


स्वतंत्रता दिवस की बधाई...
कुमार प्रीतम पुराईन
अध्यक्ष
छ.ग. वन कर्मचारी संघ
जिला-कोरबा


स्वतंत्रता दिवस की बधाई...
डॉ. आर.के. दिव्य
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं रजिस्ट्रार
जिला-कोरबा


स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ...
प्रेमचंद पटेल
विधायक
कटघोरा विधानसभा क्षेत्र


स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
अनिल रात्रे
बीआरसी, कोरबा (ग्रामीण)


AUGUST
15
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
एक शुभचिंतक
जिला-कोरबा